26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 14 फरवरी, 2026

अंक- 112 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# असम हाईवे एयरस्ट्रिप पर वायुसेना का पराक्रम



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अपने असम दौरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरान बाईपास पर बनी 4.2 किलोमीटर लंबी हाईवे एयरस्ट्रिप का उद्घाटन किया। पीएम मोदी नई दिल्ली से चाबुआ एयरफोर्स बेस पहुंचे और वहीं से एयरस्ट्रिप पर उतरकर प्रदर्शन का जायजा लिया। यह एयरस्ट्रिप आपात स्थितियों में फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट और हेलीकॉप्टर के लिए वैकल्पिक रनवे का काम करेगी। इस दौरान डिब्रूगढ़ में मोरान बाईपास पर बनी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर भारतीय वायुसेना ने अपने जांबाज लड़ाकू विमानों का अद्भुत हवाई प्रदर्शन दिखाया। यह ईएलएफ पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा है, जो आपात परिस्थितियों में फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट और हेलीकॉप्टर के लिए वैकल्पिक रनवे का काम करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस हवाई प्रदर्शन का सीधे निरीक्षण किया। प्रदर्शन में वायुसेना के राफेल, सुखोई, डॉर्नियर और एएन-32 जैसे विमान शामिल थे, जिन्होंने मोरान बाईपास पर विमान टेकऑफ, फ्लाईपास और टचडाउन का शानदार प्रदर्शन किया।

# कल होगा विस्फोटक मुकाबला

**कोलंबो (एजेंसी/चिंगारी)।** कल रविवार को क्रिकेट में सबसे ज़्यादा इंतज़ार किए जाने वाले मैचों में से एक होगा, जब भारत और पाकिस्तान पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में कोलंबो के आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। यह मैच, जो पहले से ही अपने ज़ोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई ज़बरदस्त घटनाओं के बैकग्राउंड में हो रहा है, जिसने टूर्नामेंट में और भी दिलचस्प बातें जोड़ दी हैं। बंगलादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए वर्ल्ड कप से नाम वापस ले लिया, और अपने ग्रुप-स्टेज मैचों के लिए भारत नहीं आने का फ़ैसला किया। उसकी जगह, स्कॉटलैंड ने स्थान लिया।

उधर, पाकिस्तान सरकार ने ऐलान किया कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान मैच नहीं खेलेगा, लेकिन बाद में आईसीसी के कड़े रुख को देखते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कन्फ़र्म किया कि वे तय समय पर भारत के ख़िलाफ़ खेलेंगे, जिससे फ़ैन बिना किसी रुकावट के इस बड़े मैच का आनंद ले सकें। बता दें कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में आठ मैचों में सात जीत के अपने शानदार रिकॉर्ड के दम पर मैदान पर उतरेगा। जिसमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत भी शामिल है। भारत की बैटिंग की ताकत जबरदस्त शुरुआत और मोमेंटम बनाए रखने में काबिल एक मज़बूत मिडिल ऑर्डर का कॉम्बिनेशन है। ईशान किशन ज़बरदस्त फॉर्म



में है। 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 220 से ज़्यादा रहा है और उन्होंने हाल ही में 24 गेंदों पर 61 रन बनाए हैं। अगर वह जल्दी चल पड़ते हैं, तो भारत पावरप्ले पर कंट्रोल कर सकता है और पाकिस्तान पर तुरंत प्रेशर डाल सकता है।

सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा से बीच के ओवरों में पारी को संभालने की उम्मीद है, जबकि हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल डेथ ओवरों में तेज़ी लाने के लिए फायर पावर देंगे। भारत का बॉलिंग अटैक भी उतना ही बैलेंस्ड है- जसप्रीत बुमराह पेस यूनिट को लीड करते हैं, जिन्हें स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, अक्षर और कुलदीप यादव का सपोर्ट मिलता है, जो कोलंबो की धीमी, टर्निंग पिच के लिए काफी सही हैं। उधर, पाकिस्तान की ताकत उनके स्पिन अटैक में है, जिसे शादाब खान और अनोखे उस्मान तारिक लीड कर रहे हैं, जो धीमी पिच पर अच्छा खेलते हैं और भारत के मिडिल ऑर्डर को परख सकते हैं। साहिबज़ादा फरहान, जो पिछले गेम में शानदार 73 रन की पारी खेलकर फ्रेश हुए हैं, बाबर आज़म और उस्मान खान के साथ मिलकर पारी को संभालेंगे और भारत की बैटिंग की गहराई को चुनौती देने के लिए पार्टनरशिप बनाएंगे। अब जब मैदान के बाहर की अनिश्चितताएं दूर हो गई हैं, तो पाकिस्तान सिर्फ परफॉर्मेंस पर फोकस कर सकता है, जिससे उन्हें भारत के दबदबे का मुकाबला करने का एक मौका मिलेगा।

**इस मुकाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। बीच-बीच में बारिश का अनुमान है, और आसमान में बादल छाए रहने से पारी की शुरुआत में सीमर्स को फायदा हो सकता है, जबकि धीमी होती पिच से मैच आगे बढ़ने पर स्पिनर्स को फायदा होगा। टी20 क्रिकेट, खासकर इतने बड़े मैच में, अक्सर कुछ अहम पलों पर निर्भर करता है, एक शानदार पार्टनरशिप, अचानक हार, या एक अच्छी तरह से की गई डिलीवरी नतीजा तय कर सकती है। आखिर में, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप मैच जीतने का सिलसिला जारी रखने के लिए फेवरेट के तौर पर उतरेगा, लेकिन यह कोई सीधा मुकाबला नहीं होगा।**

## भीषण हादसे में चार जवानों की मौत

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नेशनल हाईवे-30 पर खपरी के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में चार जवानों की मौत हो गई है। वहीं, एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया गया कि मृतक और घायल जवान 201 कोबरा बटालियन के हैं। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

1. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय

वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर- 10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always

JOB VACANCY

- स्पेयर पार्ट मैनेजर -1
  (4-5 yrs experience required, Location: Bijnor)
- मैकेनिक - ट्रक / बस -6
  (Trained in Diesel/Petrol/CNG, Location: Bijnor)
- सेल्स एग्जीक्यूटिव -3
  (Location: Najibabad, Nagina, Dhampur)
- टेलीकॉलर सेल्स (Female) -1
  (2-3 yrs experience required, Location: Bijnor)



Apply at - hr.cnsmotors@gmail.com /or/ Contact HR Manager on 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (Auth. Tata Motors Commercial Vehicle Dealer)

NH-119, Kiratpur Road, Near Village Pedda, Bijnor, Ph: 7055501016, 8476001007




Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)

Mob.: 7455025144 Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

# मोटा महादेव पर उमड़ा कांवड़ियों का रेला



## कांवड़ मार्ग में ना हो कोई बाधा, इसलिए परिजन लगाते हैं झाड़ू

मंडावली। शिव भक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल कांवड़ लेने जाते हैं, उनके वापस होने पर कांवड़ मार्ग में सफाई मिले, शिव भक्त को कांवड़ मार्ग में कोई बाधा ना हो, इसलिए उनके परिजन घर के बाहर सड़क में झाड़ू लगाकर सफाई करते है। मान्यता है की ऐसा करने से शिव भक्त अपनी कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न करते है।

## 1602 ईस्वी से करते आ रहे हैं मंदिर की सेवा

**मंडावली। क्षेत्र के मोटा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर की पुजारी शशिनाथ 1991 से सेवा में लगे हुए हैं। इनसे पहले इनके पिता राजेंद्रनाथ तथा इनसे पूर्व इनके दादा ईश्वरनाथ ने मोटा महादेव मंदिर की सेवा की। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने बताया कि इनके पूर्वज 1602 ईसवी से मंदिर की सेवा में लगे हुए हैं। मंदिर पर सच्चे मन से की गई पूजा करने से सभी की मुराद भोले शंकर पूरा करते है।**

मोहित कर्णवाल

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के मंडावली स्थित मोटा महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के मौके पर शिव भक्तों का बड़ी संख्या में आवागमन जारी है। शिव भक्त लाइन में लगकर जलाभिषेक कर रहे हैं। मन्दिर परिसर में घंटो की आवाज व हर-हर महादेव के जयकारे गूंजने से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। शिव भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक के बाद भैरो बाबा के मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर रहे है। शिव भक्त जब हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर चलते हैं, तब पूजा अर्चना कर संकल्प लेकर भगवान शिव से प्रार्थना करते हैं कि उनकी कांवड़ यात्रा मंगलमय हो। पुरुषों के साथ महिलाएं व बच्चे भी कांवड़ ला रहे हैं। मंदिर के पुजारी शशिनाथ सभी शिवभक्त कांवड़ियों को बड़े ही प्रेमभाव के साथ जल चढ़वा रहे है। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ नितेश प्रताप सिंह, एसडीएम शैलेंद्र कुमार लगातार भ्रमण कर कांवड़ यात्रा पर नजर बनाए हुए है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू सिंह भी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र व मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं। नजीबाबाद के हरिद्वार व कोतवाली मार्ग पर कांवड़ यात्रियों के लिए ठहरने, आराम करने व खाने के लिए काफी संख्या में शिविर लगे हुए है।



मोटा महादेव पर जलाभिषेक करती महिला कांवड़ यात्री।

## गंगा जल की शीशी सूख जाती है

मंडावली (चिंगारी)। हरिद्वार से मोटा महादेव मंदिर पर जल चढ़ाने के लिए शिवभक्तों को अलग से गंगा जल की एक शीशी मिलती है। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने बताया कि स्वयंभू मोटा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर की विशेषता है कि जो भी शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लाते हैं, मंदिर के सामने से बिना जल चढ़ाए आगे निकल जाते हैं तो उनकी गंगाजल की एक शीशी सूख जाती है। इसलिए हरिद्वार से चलकर पहला पड़ाव मोटा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक के बाद गंतव्य की ओर बढ़ना होता है।

## कांवड़ यात्रियों के लिए प्रसाद वितरण शिविर का आयोजन



शिविर में कांवड़ यात्रियों को फल वितरित करते अतिथिगण।

नजीबाबाद (चिंगारी)। मोटा महादेव स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड विजयपुर सहकारिता विभाग द्वारा कांवड़ यात्रियों के लिए केला, संतरा, चाय, पकौड़ी, उड़द, कढ़ी, चावल आदि भंडारे का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल एवं सहायक आयुक्त सहायक निबंधक सहकारिता विभाग बिजनौर राजवीर सिंह द्वारा किया गया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि जो शिव भक्त हरिद्वार से पैदल चलकर कांवड़ यात्रा करते हैं, उन शिव भक्तों की सेवा करना सबसे बड़ी सेवा है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राजवीर सिंह ने सभी शिव भक्त आगुन्तको का स्वागत किया। शिविर में मोटा महादेव महंत शशिनाथ एवं सहायक विकास अधिकारी सहकारिता नजीबाबाद जयवीर सिंह राठी, समिति अध्यक्ष देशराज सिंह, समिति सचिव विजयपाल सिंह एवं डीसीबी शाखा प्रबंधक जनार्दन प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, सचिव वीरेंद्र सिंह, कविंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, कुलबीर सिंह, प्रभारी सचिव पवन सिंह, विजेंद्र सिंह, दीपक चौधरी, मनजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपांकर सिंह, बलबीर सिंह, नितिन सिंह, ऋषिराम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ईओ ने 30 मिनट में करा दिया समस्या का समाधान

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी/न्यायिक एसडीएम प्रिंस कुमार ने पालिका के वार्ड-1 का औचक निरीक्षण किया। ईओ को निरीक्षण के दौरान सड़क पर गंदगी व जलभराव व नालिया बंद मिली। जिसका अधिशासी अधिकारी द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारी को तुरंत सफाई कराने के लिए आदेशित किया। जिसके बाद मात्र 30 मिनट के अंदर सफाईकर्मियों ने संबंधित स्थल पर पहुंचकर सफाई कर समस्या का समाधान करा दिया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रखी जाएगी। क्षेत्रवासियों ने ईओ के इस कार्य की सराहना की।



वार्ड नम्बर-1 में सड़क पर भरा गंदा पानी व गंदगी।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किये



नजीबाबाद (चिंगारी)। विकास क्षेत्र नजीबाबाद के प्राथमिक विद्यालय मुबारकपुर किशोर में विद्यालय का वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता साजिदा अनवर ईशा ग्राम प्रधान मुबारकपुर किशोर एवं संचालन विनीता रानी प्रधान अध्यापिका द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकुमार वर्मा नोडल शिक्षक संकुल ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मौहम्मद शहजाद अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति ने हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की इरम, इरहा, मुनतहा, हुमैरा, प्राची, अन्नू, पलक, अलफिया, अलीशा, आबिदा, जुनैरा, शिवानिया, आलिया, साइना, रिया, आलिया प्रवीन, प्रिंस, तनीश अहमद आदि छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को तनवीर अहमद, मनोज कुमार, राजकुमार, रामकिशन, मौहम्मद सरफराज, जितेंद्र कुमार, सिद्धार्थ कुमार, विनीता रानी, रीना देवी, शीरीन, मोनिका सैनी, युसरा, रेशमा प्रवीन, जकिया, मौहम्मद शहजाद आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने गत शैक्षिक सत्र में विद्यालय के छात्र छात्राओं के शैक्षिक अधिगम का ब्यौरा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया। आगामी वार्षिक परीक्षा हेतु मेहनत से तैयारी कराने की अपील की।

चर्चा का विषय बनी बुर्के वाली 'भोली' (पेज 10)



# धक्का-मुक्की में गिरे वृद्ध की मौत

## परिजनों ने लगाया 'हत्या' का आरोप

## नहटौर के ग्राम जोगीपुरा का मामला

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम जोगीपुरा में मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट और धक्का-मुक्की की घटना ने तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार शाम हुए विवाद के बाद आज एक 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



शुक्रवार की देर शाम ग्राम जोगीपुरा में एक ही बिरादरी के दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि संघर्ष के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के रमेश (65 वर्ष) को जोर का धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिरकर घायल हो गये थे। उस समय ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया और दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए। शनिवार की सुबह वृद्ध रमेश की मृत्यु हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम हुई मारपीट में आई चोटों के कारण ही उनकी मौत हुई है। परिजनों ने इसे 'हत्या' बताते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसपी पूर्वी, सीओ धामपुर और स्थानीय पुलिस भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से जानकारी ली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो महिलाओं को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# महिलाएं और बच्चे भी ला रहे कांवड़

**बिजनौर (चिंगारी)।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए हजारों कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए रवाना हो चुके हैं। सड़कों पर चारों ओर भगवा वस्त्रधारी शिवभक्त नजर आ रहे हैं और 'बोल बम' व 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को पड़ने से श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक वृद्धि देखी जा रही है। कांवड़ यात्रियों के जत्थे ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। मार्गों पर जहां नजर डालो, वहां भगवा रंग की छटा बिखरी दिखाई दे रही है।

कांवड़ यात्रा में युवाओं के साथ-साथ महिलाएं और बच्चे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे कंधों पर कांवड़ रखे 'बोल बम' के उद्घोष के साथ आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। श्रद्धालु अनुशासन के साथ कतारबद्ध होकर यात्रा कर रहे हैं और जगह-जगह लगाए गए शिविरों में विश्राम कर रहे हैं।

प्रशासन द्वारा कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है तथा चिकित्सा शिविरों की भी व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# राष्ट्रीय गौरक्षा दल ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय गौ रक्षा द्वारा शुक्रवार को नगीना चौराहे पर गौ-तस्करी रोकथाम हेतु विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने स्वयं सड़क पर उतरकर संदिग्ध वाहनों की जांच की और आमजन को जागरूक करने का कार्य किया।

अभियान में प्रदेश महामंत्री हितेश चौधरी, जिला अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय, जिला संयोजक मयंक उपाध्याय, नगर अध्यक्ष सुमित सैनी, नगर मंत्री अभिषेक सैनी तथा अपूर्व सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि गौ-तस्करी की आशंका को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अभियान के दौरान कई वाहनों की गहन तलाशी ली गई और वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट


फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## जलवायु परिवर्तन के ख़तरे

दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के रूप में विख्यात चेरापूंजी में सूखा पड़ना, थार मरुस्थल युक्त शुष्क प्रदेश राजस्थान में बाढ़ का आना, भारत के मैदानी भाग में बर्फबारी एवं बेमौसम बरसात और ओले पड़ना, हिमनदियों और भूगर्भीय जलस्तर का तेजी से घटते जाना आदि कुछ ऐसी प्राकृतिक घटनाएं हैं जो हमें विस्मित तो करती ही हैं, साथ ही प्रथम दृष्टि में कुछ समझ में नहीं आता है कि यह सब क्यों हो रहा है? गहराई से चिंतन करने पर यह आभास होता है कि संभवत: यह जलवायु परिवर्तन के परिणाम हैं। जलवायु परिवर्तन का तात्पर्य पृथ्वी के मौसम में बदलाव से है जिसमें तापमान, हवा और वर्षा के प्रारूप में परिवर्तन शामिल है, जो कुछ विशिष्ट गैसों- कार्बनडाइआक्साइड, मिथेन, नाइट्रस आक्साइड आदि की अधिक मात्रा होने के कारण घटित होता है। इन गैसों की बढ़ती मात्रा के कारण वायुमंडलीय तापमान में बढ़ोतरी होती है, जिसकी वजह से अन्य परिवर्तन प्रभावित होते हैं। एशियन डेवलपमेंट बैंक के अनुमान के अनुसार विगत एक दशक में दुनिया के चार देश- भारत, बांग्लादेश, फिलीपींस और वियतनाम - प्राकृतिक आपदाओं के कारण लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठा चुके हैं और आगे आने वाले समय में, यदि समय रहते हुए कुछ कारगर कदम नहीं उठाए गए तो यह नुकसान लगातार बढ़ता ही जाएगा। विगत दो दशकों से अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने यह स्वीकार करना प्रारंभ कर दिया है कि जलवायु में परिवर्तन आ रहे हैं और लगातार इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि 'ग्रीन हाउस' गैसों के उत्सर्जन को कैसे कम किया जाए तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचने के लिए कारगर कार्यनीति कैसे लागू की जाए। आमतौर पर वैश्विक तापमान में एक-दो सेंटीग्रेड की वृद्धि बहुत सामान्य प्रतीत होती है। विगत 100 वर्षों में यह वृद्धि मात्र 0.740 सेंटीग्रेड रही है। सत्तर के दशक में वैश्विक तापमान 140 सेंटीग्रेड था और 20 सेंटीग्रेड वृद्धि का अर्थ 14 प्रतिशत की वृद्धि है। प्राकृतिक रूप से पृथ्वी के वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा मात्र एक प्रतिशत ही है जो शीशे की परत की तरह कार्य करते हुए ताप को बाहर नहीं जाने देती है। ग्रीन हाउस गैसों में और बढ़ोतरी का अर्थ है बढ़ता हुआ वैश्विक तापमान।

# वैलेंटाइन डे पर चढ़ा बाज़ारवाद का रंग?



रश्मि अग्रवाल
मो. 09837028700

वैलेंटाइन डे प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को संत वैलेंटाइन डे की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन पृथक-पृथक रूपों व माध्यमों से युवक-युवतियों को रिझाता, लुभाता व गुदगुदाता हुआ, नये-नवेले मन-भावन रंगों के साथ प्रत्येक वर्ष सभी युवक-युवतियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। साथ-साथ आज का बाज़ार जो युवा पीढ़ी को आकर्षित करता हुआ, अनेक माध्यमों व प्रकारों से प्रेम की भेंट चढ़ चुका है। जिसका प्रतीक सजावटी सामान, आकर्षक उपहार, नये-नये उपकरण और अनेक साजो-सामान सज-धजकर युवा पीढ़ी पर नज़र रखे तैयार खड़े हैं।

क्या प्रेम व्यक्त करने-कराने का कोई विशेष दिन या समय हो सकता है? बिल्कुल नहीं, क्योंकि प्रेम हर पल, हर घड़ी विचारों में रहता है, जिसका न कोई निश्चित रूप है न स्वरूप। ये व्यक्ति के हृदय में बसे वो भाव हैं, जिनसे दुनिया रिश्तों में बंधती है और सम्बंधों में मिठास घोलती हुई आगे बढ़ती है।




नि:स्वार्थ भावनाओं से किये गये प्रेम को शब्दों से नहीं बल्कि बिना बोले व्यक्ति की शारीरिक भाग-भगियाओं के द्वारा व्यक्त हो जाता है, पर आज के परिदृश्य में प्रेमियों के लिए ख्वाहिशों के अंबार लगे हैं, जो शोरूमों के कांच से झांकते गिफ्ट हों, रूई के फाहों में गुदगुदाते टैडियिर, महंगे मोबाइल, लाइव फोटो, सौंदर्य प्रसाधन, ज्वैलरी या नये-नये उपकरण हों, सभी स्टेटस सिम्बल बनते जा रहे हैं। ये कीमती व आकर्षक समान उपहार के रूप में प्रेम के प्रतीक हैं। आज इन अवसरों को मौन रहकर एकल प्रेम दिवस के रूप में मनाने की भावना या प्रक्रिया समाप्त होती जा रही है। आज इनमें मॉल, पांच सितारा होटल, मित्रों के हुजूम, पीना-पिलाना से लेकर थिरकते कदमों ने स्थान लिया है। आज प्यार का मौसम कुछ अधिक बदला है, जहां प्यार में चांद-तारे तोड़ लाने की कल्पनाएं, नहीं रिझा सकतीं, पपीहे, कोयल और मोर सभी का सरोकार प्रियतम-प्रियतमा के विचारों से छूट चुका है, जिसका स्थान लांग ड्राइव, फड़कते संगीत, नृत्य, मल्टीप्लेक्स सिनेमा का ग्लैमर, पार्कों के कोनों, होटलों, नर्म गद्दों व सूखे फूलों की बनावटी ख़ुशबुओं ने ले लिया है।

आज का बाज़ार तोहफों और पार्टियों तक ही सीमित नहीं है, वो प्यार करने वालों के हर कदम पर साथ है। जैसे... प्रेमी को लुभाने के लिए छरहरी काया, फिटनेस के आधुनिक उपकरण जैसे साजो-सामान साथ हैं, क्योंकि वर्तमान समय में मध्यम वर्ग की क्रियाशीलता बढ़ गई है व उच्च वर्ग की हमेशा से ही रही है व खुली व्यापार नीति ने इस शक्ति को अपनी ओर आकर्षित किया है। आज विदेशी वस्तुओं ने अपनी पूरी चमक-दमक के साथ बाज़ारों को जैसे भर दिया है, वहीं मामूली चिप्स, पेस्ट्री, कुकीज, चॉकलेट, आइसक्रीम व माउथ फ्रैशनर सभी ने प्यार के पलों को अपने-अपने लुभावने तरीकों से सुरक्षित कर लिया है। देखा जाए इस परिवर्तन ने बाज़ारवाद को बढ़ावा देकर वैलेंटाइन डे पर अपना प्रभुत्व जमाया है और यह सोचने पर मज़बूर किया है कि क्या ये भौतिकवाद से जकड़ा वो प्रेम है, जो चिट्ठी में भेजा और किताब के पन्नों में दुबका हुआ प्रेम होता था? क्या ये नि:स्वार्थ भावनाओं का अकूत भण्डार है, जो सपनों में सजा संसार व प्रेमी के प्रति झलकती निश्छल प्रेम की अभिव्यक्ति है।

तात्पर्य है कि आज प्रेम व प्रेमी के रूप-स्वरूप में विस्तार हुआ है जो वैलेंटाइन डे के रूप में भव्य आकार लिए खड़ा दिखाई देता है। इस परिवर्तन ने प्यार की परिभाषा को समझाने व आकर्षित करने के लिए बाज़ारवाद का सहारा लिया ही है। फिर भी जब तक संसार चलता रहेगा, तब तक प्रेम भी दस्तक देता रहेगा। 'ईश्वर का उपहार मानव का अधिकार, उम्मीदों का द्वार प्रेम ही तो है।'

## प्रतिबंध के बावजूद आम के फलदार पेड़ों पर चला आरा, वन विभाग मौन

**नहटौर (चिंगारी)।** क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के दावों की हवा निकालते हुए लकड़ी तस्करों और अवैध कटान करने वालों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने, मिलक अमराबाद (लठमार मिलक) रोड तथा पैजानिया मार्ग पर बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से कुछ आगे स्थित आम के हरे-भरे बाग पर बेरहमी से आरा चलाया जा रहा है।

स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर गहरा रोष है कि वन विभाग की मिलीभगत से प्रकृति का गला घोंटा जा रहा है। पेड़ माफिया नहटौर-नूरपुर के मुख्य मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने स्थित आम के पेड़ों की कटान धड़ल्ले से कर रहे हैं। इसके अलावा मिलक रोड पर भी फलदार और छायादार वृक्षों को निशाना बनाया



जा रहा है। लकडी माफिया पैजनिया मार्ग पर सरस्वती विद्या मंदिर के सामने भी आम के लहलहाते पेड़ों को काट कर जमीन साफ कर रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि यह कटान तब हो रहा है जब प्रशासन ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सभी रोड ब्लॉक कर कांवड़ियों के लिए ही खोल रखी हैं। लोगों का कहना है कि नियमों के मुताबिक फलदार पेड़ों को काटने की अनुमति वन विभाग भी नहीं दे सकता है, लेकिन जिस तरह से एक साथ कई जगहों पर पेड़ों को काटा जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि लकड़ी माफियाओं की वन विभाग से गहरी सांठगांठ है। लोगों का आरोप है कि दिन-दहाड़े हो रहे इस कटान की जानकारी होने के बावजूद संबंधित विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। यदि समय रहते इन पर लगाम नहीं लगाई गई, तो क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाएगा।

# अभिनेता मुश्ताक खा़न के अपहरणकर्ताओं पर लगा गैंगस्टर

## फिरौती वसूलने वाले गिरोह के दस सदस्यों पर दर्ज हुआ मुक़दमा

**बिजनौर (चिंगारी)।** अभिनेता मुश्ताक खान व कॉमेडियन सुनील पाल के अपहरण और फिरौती वसूली के मामले में पुलिस ने कड़ा कदम उठाते हुए आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। शहर कोतवाली पुलिस ने उक्त गिरोह के दस सदस्यों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, 20 नवंबर 2024 को इवेंट के नाम पर अभिनेता मुश्ताक मोहम्मद खान को दिल्ली से बुलाकर उनका अपहरण किया गया था। इसके बाद उन्हें बिजनौर में बंधक बनाकर रखा गया और डरा-धमकाकर 2.20 लाख रुपये की फिरौती वसूली गई थी। गिरोह के सदस्यों पर कॉमेडियन सुनील पाल को बंधक बनाकर उनसे भी अवैध वसूली किये जाने का आरोप था।

घटना के बाद अभिनेता के इवेंट मैनेजर ने शहर कोतवाली में अपहरण और फिरौती वसूली की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज की और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया था।

शहर कोतवाली प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### गैंग चार्ट को मिली प्रशासनिक मंजूरी

**पुलिस द्वारा तैयार किया गया गैंग चार्ट जिलाधिकारी से अनुमोदित कराया गया। इसके आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में National Crime Records Bureau के रिकॉर्ड और पूर्व मामलों का भी अध्ययन किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे संगठित अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है और पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।**

पुलिस के अनुसार यह एक सक्रिय और संगठित गिरोह है, जो आर्थिक लाभ के लिए अपहरण और फिरौती जैसे जघन्य अपराध करता रहा है। गिरोह का सरगना रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी बताया गया है, जबकि अन्य आरोपी उसके सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि गिरोह के समाज विरोधी कृत्यों के कारण क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। आम लोग इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने या गवाही देने से भी डरते थे। गिरोह के सदस्यों द्वारा लगातार अवैध गतिविधियों में लिप्त रहकर धन अर्जित किया जा रहा था, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था।

# पुलिस ने किया कांवरतियों के लिये भंडारे का आयोजन



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** कांवड़ लेकर अपने गंतव्य को जा रहे शिवभक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन मुस्तैदी से लगा है तथा हर संभव मदद कर रहा है। थाने के सामने पुलिस-प्रशासन की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना अध्यक्ष प्रवेश कुमार, कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार राणा ने अपनी टीम के साथ भोजन (प्रसाद) का वितरण किया, भंडारा ग्रहण करने के पश्चात शिव भक्तों ने पुलिस-प्रशासन की प्रशंसा की। दूसरी ओर नजीबाबाद मार्ग पर गौंसपुर चौराहे के निकट कोतवाली देहात के भावी ग्राम प्रधान प्रत्याशी कफील मलिक ने अपने समर्थकों के साथ स्टाल लगाकर गर्म दूध का वितरण किया, जहां कांवड़ियों की भारी भीड़ रही।

# देवर ने भाभी पर चलाई गोली, बाल-बाल बची

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय चक्कर चौराहा सेंट मैरी के पास आपसी विवाद के कारण देवर ने भाभी पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली भाभी को न लगकर कार के टायर में लगी। पुलिस ने महिला के देवर व उसके दोस्त को दबोचकर तमंचा बरामद कर लिया है। समीपवर्ती ग्राम पेदा निवासी हिमांशु की शादी किरतपुर क्षेत्र के गांव कुम्हैड़ा में हुई थी। उसकी पत्नी मोनी गुप्ता विवाद के चलते पांच महीने से मायके में रह रही है। शुक्रवार को मोनी अपने भाई व बच्चों के साथ कुटिया कालोनी में रिश्तेदार के यहां जन्मदिन समारोह में आई थी। चक्कर रोड सेंट मैरीज के पास मोनी गुप्ता को हिमांशू मिल गया। थोड़ी देर बाद दोनों में कहासुनी हो गई। हिमांशु का भाई सुधांशु अपने दोस्त सचिन के साथ मौके पर पहुंच गया। हिमांशु और सुधांशु का कहना था कि उन्हें बच्चों से मिलना था। पति-पत्नी के बीच कहासुनी होने के बाद सुधांशु ने अपनी भाभी पर तमंचे से गोली चला दी। गोली कार के टायर में लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। शहर कोतवाल रामप्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और महिला के देवर व उसके दोस्त को हिरासत में ले लिया। सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर तमंचा बरामद कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया।

# चाकू से जानलेवा हमला करने वाले को सात वर्ष की सज़ा



**बिजनौर (चिंगारी)।** फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश श्री श्रेय शुक्ला ने चाकू से जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त अरुण को सात वर्ष कठोर कारावास एवं चौदह हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार शर्मा के अनुसार हल्दौर थानांतर्गत ग्राम कूकड़ा निवासी हुकुम सिंह पुत्र स्व. इंद्राज सिंह का लड़का ललित गुदड़ी मेला में ब्रेक डांस झूले पर सवारियों को बैठाने का काम करता था। 18 सितम्बर 2022 को रात्रि सवा दस बजे ब्रेक डांस झूले के पास काम करने वाले गांव के ही अरुण पुत्र कौशल, सवारियों को झूले में बैठाने के ऊपर ललित से झगड़ने लगा, उसी दौरान हुकुम सिंह और उसकी पत्नी विनोद भी मेला देखते हुए वह पर पहुंच गए, तो इन्होंने देखा कि अरुण ने ललित पर चाकू से उसकी गर्दन पर जान से मारने की नियत से हमला किया। इस हमले से ललित घायल होकर लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ा। हुकुम सिंह और उसकी पत्नी विनोद ने भी बचाने का प्रयास किया, तो अरुण ने उस पर भी हमला किया। ललित ओर उसकी माता विनोद को सरकारी अस्पताल हल्दौर में भर्ती कराया। ललित के पीता हुकुम सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश श्री श्रेय शुक्ला ने जानलेवा हमले का अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त अरुण को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 के तहत सात वर्ष कठोर कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा, धारा 324 के तहत दो वर्ष कारावास तथा दो हजार रुपये अर्थदंड तथा आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत दो वर्ष कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# 21 फरवरी को सैदपुर भट्टा में होगी भाकियू की तीन जनपदों की संयुक्त महापंचायत



**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन की मुरादाबाद, अमरोहा तथा बिजनौर इकाइयों की संयुक्त महापंचायत आगामी 21 फरवरी को नूरपुर-छजलैट रोड स्थित ग्राम सैदपुर भट्टा में आयोजित की जाएगी। महापंचायत को सफल बनाने के लिए तैयारियों की समीक्षा हेतु बिजनौर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी सुनील प्रधान ने की तथा संचालन मुकेश कुमार जंघाला ने किया।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी सत्यवीर सिंह एवं प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने के लिए तीनों जनपदों से व्यापक स्तर पर किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान संगठन को और मजबूत करते हुए बिजनौर के वरिष्ठ पदाधिकारी

### तैयारियों को लेकर बिजनौर में हुई समीक्षा बैठक

गौरव कुमार (जंघाला) एवं नीटू चौधरी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय किसान यूनियन में शामिल होकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत तथा किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में कार्य करने की घोषणा की।

भारतीय किसान यूनियन में शामिल होने वालों में गौरव कुमार जंघाला, नीटू चौधरी, वीरेन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, रोबिन सिंह, गुलाब, राहुल कुमार, अरविंद कुमार, विनीत तोमर, दुर्गेश कुमार, राकेश, उज्ज्वल, संजीव, दीपक, सतेंद्र रहे। बैठक के सफल आयोजन में नरेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, भोपाल सिंह एवं अरुण कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# शिविर में कांवड़ को धारण करने के लिये सेवादार भी मौजूद




रामलीला बाग में लगा हुआ विशाल कांवड़ सेवा शिविर।

**धामपुर (चिंगारी)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित कांवड़ सेवा शिविरों में एक शिविर ऐसा भी है, जिसमें सामूहिक भजन उच्चारण कार्यक्रम नित्य प्रति आयोजित किया जा रहा है। यह पांचवां वार्षिक विशेष शिविर नगीना मार्ग स्थित दशहरा वाले बाग में नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री अजय सेवा समिति की ओर से आयोजित किया गया है। आयोजक परिवार की मुखिया धीरेंद्र कुमारी चौहान, पिंकी रानी चौहान के संरक्षण में आयोजित इस कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ सामूहिक भजन से किया गया। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक जयकुमार चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी प्रियदर्शनी चौहान, प्रिया चौहान, निवीषा चौहान, पवनीश कुमार चौहान, सत्री चौहान, रीतिका चौहान, जगदीश चौहान एवं उमा देवी चौहान, गौरव चौहान एवं राखी चौहान आदि रहे। शिविर में श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढ़लाड़ा पंजाब की धामपुर शाखा के संयोजक सुनील कुमार अग्रवाल पचरंगी के नेतृत्व में अनेक शिव भक्त भी उपस्थित रहे। पूजन कार्यक्रम नूरपुर से पधारे पुरोहित आचार्य पंडित दीपक कुमार शर्मा ने मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया। इस शिविर में शिव भक्तों की कांवड़ को अपने कंधों पर धारण करके शिव भक्तों को सुविधा दिलाने हेतु जहां अनेक सेवादार उपस्थित हैं, वहीं पाइप लगाकर उन पर कांवड़ को स्थान दिलाने की भी व्यवस्था की गई है। शिविर में कांवड़ियों के लिए भोजन, दूध, चाय, पकौड़ी व अन्य व्यंजनों के प्रसाद के साथ ही अलग-अलग टेंट लगाकर विश्राम के लिए भी व्यवस्था की गई है। मुख्य आयोजक धीरेंद्र कुमारी चौहान ने बताया कि यह शिविर कल 14 फरवरी की दोपहर तक नियमित रूप से आयोजित होता रहेगा।

# कश्यप सिस्टर ने शिविर में प्रस्तुत किये भजन



भजन प्रस्तुत करते हुए कश्यप सिस्टर।

## भक्ति रस में डूब गये सभी श्रद्धालुजन

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर के हृदय स्थल शहीद ए आजम भगत सिंह चौक पर सामाजिक संस्था भगत सिंह चौक क्लब की ओर से 37 वां कांवड़ सेवा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नगर की सामाजिक संस्था युवा मित्रगण सामाजिक सेवा समिति के कार्यकर्ताओं का भी योगदान रहा। इस स्थान पर शहीद सरदार भगत सिंह की प्रतिमा के निकट भगवान महाकाल का दरबार भी सजाया गया। बीती रात चौक पर भजन गायक विकास वशिष्ठ के निर्देशन में कश्यप सिस्टर ने भगवान भोलेनाथ के भजन सुनाकर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इस चार दिवसीय शिविर में भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिए जहां चाय, पकौड़ी, दूध तथा भंडारे का आयोजन किया गया, वहीं विश्राम की भी समुचित व्यवस्था रही। सामाजिक संस्था युवा मित्रगण सामाजिक सेवा समिति की ओर से नमन जैन, अंकित सिंह सैनी, अमन जैन, सचिन पंडित, यज्ञ कौशिक, सागर अग्रवाल, आदित्य गिरी, रिंकू वर्मा, रक्षक अग्रवाल, सौरभ शर्मा, दीपांशु शर्मा, संयम जैन, आदित्य गिरी आदि सहित उनके अनेक सहयोगियों ने शिविर में अपनी समर्पित एवं निष्ठा पूर्ण सेवाएं प्रदान की।

# ‘हम’ ने कराया बैडमिंटन टूर्नामेंट



**शेरकोट (चिंगारी)।** युवाओं में खेलों के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से नगर की सामाजिक संस्था ‘हम’ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा क्रिकेट के बाद शुक्रवार को जूनियर और सीनियर वर्ग के बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कल शाम से नगर के आल सेट स्कूल के मैदान में शुरू हुए टूर्नामेंट का उद्घाटन समाज सेवी विसाल अहमद एड. और अमिष रस्तोगी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सीनियर वर्ग के खेल का फाइनल हयात क्लब के श्रेष्ठ रस्तौगी व डॉ. सोहराब और एलेक्स क्लब के समीर व मुनीर की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एलेक्स क्लब की टीम ने 15-14 के करीबी अंतर से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया। श्रेष्ठ रस्तौगी के शानदार प्रर्दशन से मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। इसके उपरांत देर शाम सात बजे से जूनियर मुकाबला शुरू हुआ। फाइनल मुकाबले में सरकाजी क्लब के सरजील व मुशरिफ़ ने टीम अबीर के याहिया व अबीर को 15-11 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष मौ. शादाब, मास्टर नदीम इदरीसी, नबील अहमद, क़ारी खालिद, इजहार नबी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कांवरतियों के लिये शिविर लगाया

**चंदक (चिंगारी)।** गत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी कस्बे में निःशुल्क कांवरती सेवा शिविर लगाया गया, जिसमें दिन रात भोले के भक्तों की सेवा की जा रही है। पिछले 15 वर्षों से यह शिविर कुछ दुकानदारों द्वारा लगाया जाता है। कांवर शिविर में सभी दवाइयां, भोजन, ठहरने और खाने की उचित व्यवस्था निःशुल्क की गई है। शिविर में संदीप रहवाल, राघव गौड़, केशव गौड़, प्रशांत कौशिक, नरेंद्र कुमार, प्रवेश कुमार शर्मा, डॉ. निशांक भारद्वाज, सुमित चौधरी, बंटू प्रधान जी, पवन पाल आदि दिन रात सेवा कर रहे हैं। डॉ. निशांक द्वारा सभी कांवरियों को निःशुल्क दवाई दी जा रही है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# जलाभिषेक की तैयारी, मंदिरों में जोर-शोर से जारी

## धामपुर में आज रात, शिवजी की निकलेगी बारात

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला खातियान स्थित पंचायती बड़ा शिव मंदिर तथा श्री सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी सहित नगर के सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का किये जाने वाले जलाभिषेक की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, जिसके अंतर्गत आज 14 फरवरी की रात्रि निर्धारित समय पर जहां भगवान भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार से कांवड़ में भर कर लाये जल से आशुतोष भगवान का जलाभिषेक करेंगे, वहीं इन दोनों मंदिरों पर कल 15 फरवरी को मेलों का आयोजन भी किया जाएगा। मेले में चाट पकौड़ी, खेल खिलौने, गुब्बारे तथा सौंदर्य प्रसाधन आदि की दुकानें सजाई जाएंगी।

आज शनिवार की रात्रि को पिछले कई दशकों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित शिव मंदिर सैनी धर्मशाला से शिव बारात निकाली जाएगी, जिसमें कांवड़ धारी शिवभक्त अपनी-अपनी कांवड़ के साथ शामिल रहेंगे।

नगर के सभी प्रमुख शिव मंदिरों के अलावा आसपास के ग्रामों के शिव मंदिरों पर भी जलाभिषेक के दौरान शिव भक्तों और श्रद्धालु परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये, इसीलिए सुविधाजनक वातावरण में श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध रूप में पूजा-अर्चना कराये जाने की सभी तैयारियों को पूर्णता दिला दी गई है। नगर पालिका परिषद की ओर से पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रवि शंकर द्वारा दिये गए निर्देशों के अंतर्गत सभी मंदिरों के बाहर विशेष सफाई अभियान चलाकर चूना आदि का छिड़काव भी कराया गया है।

उधर, हरिद्वार से कांवड़ में जल भरकर दूर दराज क्षेत्र को जाने वाले शिव भक्तों की टोलियां धामपुर के बाहरी और भीतरी भागों से गुजरती हुई अपने गंतव्य की ओर रवाना हो चुकी हैं, जबकि आसपास के नगरों और ग्रामों में पहुंचने वाले कांवड़ती अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं, जो आज शाम तक अपने गन्तव्य तक पहुंच जायेंगे।

उधर, एएसपी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि 15 फरवरी की प्रातः से ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय तथा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के निर्देशन में सभी प्रमुख मंदिरों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

# ‘स्वस्थ शरीर-स्पष्ट दृष्टि’ सुरक्षित ड्राइविंग की पहली शर्त : महापौर

## आईएसबीटी परिसर में लगा स्वास्थ्य शिविर




**ऋषिकेश (चिंगारी)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में नगर निगम ऋषिकेश, आईएसबीटी परिसर में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य, नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर निगम के महापौर शम्भू पासवान द्वारा रिबन काटकर किया गया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्पष्ट दृष्टि सुरक्षित ड्राइविंग की पहली शर्त है। उन्होंने एम्स के चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने जनसेवा के इस कार्य में अपना सहयोग दिया। एम्स ऋषिकेश के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की गहन जांच की गई। चालकों और स्थानीय नागरिकों के लिए विशेष नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध रही, ताकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। शिविर में आए सभी आगंतुकों को परामर्श के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिये गये। सड़क सुरक्षा माह पर आयोजित इस शिविर के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, परिवहन विभाग के प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। महापौर शम्भू पासवान ने सभी से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहें।

# मेडिकल कॉलेज में कांवड़ियों के लिए विशेष सुविधा, 10 बैड का वार्ड भी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर के प्रधानाचार्य डॉ. तुहिन वशिष्ठ के निर्देशन में कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए आपातकालीन विभाग में कांवड़ यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद से होकर गुजरने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में अलग से कांवड़ वार्ड संचालित किया जा रहा है। इस विशेष वार्ड में 10 बैड की व्यवस्था की गई है। साथ ही आवश्यक दवाइयों, प्राथमिक उपचार सामग्री, चिकित्सकीय उपकरणों तथा प्रशिक्षित चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। प्रधानाचार्य डॉ. तुहिन वशिष्ठ ने बताया कि कांवड़ यात्रियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को उपचार में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अस्पताल प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क है तथा 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित की जा रही हैं।



# रवा राजपूत संघ ने आयोजित किया कांवड़ती सेवा शिविर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रवा राजपूत संघ बिजनौर की ओर से कांवड़ शिविर का आयोजन भरत विहार स्थित रवा राजपूत भवन (धर्मशाला) में किया जा रहा है। सेवा शिविर में कांवड़तियों के लिए दूध, फल, भोजन व रूकने की व्यवस्था की गयी है। शिविर में भारी संख्या में कांवड़ती रूक रहे हैं। कांवड़तियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था डा. शिरीश राजपूत के प्रतिष्ठान होप डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर द्वारा की गई। शिविर की आयोजन समिति में राजपूत संघ के अध्यक्ष विनीत राजपूत, देवेंद्र राजपूत, मनीष राजपूत, अतुल राजपूत, सचिन राजपूत, अजय कृष्ण राजपूत, मनोज राजपूत, योगेश राजपूत, उमेश राजपूत, गजेन्द्र राजपूत, संजय राजपूत, अवनीश राजपूत, ऋषिराज सिंह, शिवकुमार राजपूत, कुवंर पाल सिंह राजपूत, शेखर राजपूत और राजपूत अवनीश, ज्ञान योगेंद्र राजपूत, वीर राजपूत, पुनीत राजपूत, अनिल राजपूत, ललित राजपूत सिंह, महिपाल सिंह राजपूत आदि शामिल हैं।




# कांग्रेसजनों ने निकाली मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार की मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) योजना पर कथित हमलों और ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए मनरेगा बचाओ अभियान के तहत शुक्रवार को एक पदयात्रा का आयोजन किया। यह पदयात्रा ग्रामीण इलाकों शादीपुर, इलाचीपुर, बरूकी, बेगावाला, पेदी, रशीदपुर गढ़ी से होकर बिजनौर मुख्यालय पहुंचकर संपन्न हुई, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण मजदूर, किसान और आम लोगों ने भाग लिया। पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरिता राजीव सिंह और जिला यात्रा समन्वयक परवेज आरिफ उर्फ टीटू ने किया। हेनरिता राजीव सिंह ने पदयात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की रीढ़ है। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को कमजोर करने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक परवेज़ आरिफ उर्फ़ टीटू ने भी यात्रा में भाग लेते हुए सरकार से मांग की कि मनरेगा योजना को मजबूत बनाया जाए, बजट बढ़ाया जाए और मजदूरों को समय पर मजदूरी दी जाए। जिला मनरेगा समन्वयक मोहम्मद सलीम ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनरेगा के कमजोर होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। पदयात्रा में पूर्व आईएएस आरके सिंह, पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती, नीरज चौधरी, अहसन जमील, मुबश्शिर जमां खां, वसीम अकरम, अब्दुल समद आजाद सहित अनेक मौजूद रहे।




# मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल में क्लास शो का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा बालवाटिका के समस्त छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना रहा। कार्यक्रम में अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलन करके की। उसके बाद ग्रुप सॉग सुबह सवेरे, योग, फैंसी ड्रेस, कविता पाठ कोशिश, ग्रुप डांस देश रंगीला, रेसेस-टर्टल रेस, बनी रेस, ग्रुप डांस पापा कहते हैं, सोलो सॉग छोटी-छोटी गईया, बैंड टीम का प्रदर्शन, कविता पाठ शिक्षक, सोलो डांस मैया यशोदा, ग्रुप डांस बम-बम बोले, कहानी, टग ऑफ वॉर, स्केटिंग और ताइक्वांडो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ।

# अभी नहीं जागी सरकार, पुरानी पेंशन के लिये मिलकर भरें हुंकार : चंद्रहास सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन बिजनौर में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर जनपद के विद्यालयों एवं कार्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष राजेश रवि एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लौकेन्द्र चौधरी, सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह, इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, अटेवा जिला महामंत्री सुभाषचंद्र यादव के नेतृत्व में संपर्क किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन व अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर दोनों बजट से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को निराशा हाथ आई है। संगठित होकर संघर्ष करेंगे तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। 15 फरवरी को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर इंदिरा बाल भवन पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाली की मजबूत हुंकार भरें। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि, सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह, इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर ईमानदारी से संघर्षरत है। 15 फरवरी को हमें इंदिरा बाल भवन पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के मनोबल को मजबूत करने का कार्य करना है।



# महाशिवरात्रि पर कल, शोभायात्रा निकालकर वितरित किया जायेगा गंगाजल

## 84 घंटा मंदिर कमेटी 26 वर्षों से लगातार कर रही यह सेवा

**बिजनौर ( चिंगारी )**। देवों के देव भगवान शंकर व पार्वती के विवाहोत्सव के रूप में मनाये जाने वाले पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर श्रद्धालु हरिद्वार से कांवर में जल भरकर व पैदल यात्रा करके अपेन ईष्ट देव को अति प्रिय गंगाजल से अभिषेक करते हैं, जो श्रद्धालु कांवर नहीं लाते, उनके लिये विगत 26 वर्षों से यहां शंभू दयाल चौक स्थित डिप्टी साहब (84 घंटा) मंदिर प्रबंध समिति हरिद्वार से गंगाजल बोतलों का वितरण करती है। समिति के अध्यक्ष, दीपक अग्रवाल (बेसन वाले), अरविंद अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, मा. अनिल, कुलदीप (मावे वाले) आदि के अनुसार शिवरात्रि 15 फरवरी को मंदिर से शोभायात्रा निकाली जायेगी, जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। कांवरतियों का जत्था भी साथ चलेगा। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण फूलों, गुब्बारों से सजा शिवरथ होगा। हरिद्वार से लाये गंगाजल की बोतलों का वितरण किया जायेगा। प्रात: 6 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ सदर विधायक श्रीमती सुचि चौधरी एवं भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी द्वारा आरती, प्रसाद व आतिशबाजी की धूम धड़ाके के साथ



किया जायेगा। नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई शोभायात्रा का वापस मंदिर पर पहुंचने पर समापन पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी एवं प्रो. शशिप्रभा द्वारा मंत्रोच्चारण के मध्य जलाभिषेक कर किया जायेगा।

### आसान नहीं है हरिद्वार से गंगाजल लाना

**विगत 26 वर्षों से शिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल लाकर उन्हें बोतलों में भरकर नगर के श्रद्धालुओं को उनके घर-घर जाकर वितरण करने का कार्य आसान नहीं है। लेकिन मन में श्रद्धा व भोले की अपार भक्ति व शक्ति से कठिन कार्य भी सरल बन जाते हैं। समिति के सदस्यों के अनुसार शिवरात्रि से कई दिन पहले पानी के टैंक वाहन में रखकर हरिद्वार पहुंचते हैं, साथ में उत्साही युवकों की टोली बाल्टी में पानी भरकर टैंकरों को गंगाजल भरकर नगर में आकर उन्हें पाइप द्वारा छोटी बोतलों में भरकर इनका शिवरात्रि पर नगर में वितरण किया जाता है।**

# कांवड़ियों का सैलाब उमड़ा

## बिजनौर के व्यापारियों ने लगाये चार भंडारे

**नांगल सोती ( चिंगारी )। आज नांगल में कांवड़िये ही कांवड़िये नज़र आये। खानपुर तिराहे के समीप बिजनौर के व्यापारियों ने चार भंडारे चलाकर शिवभक्त कांवड़ियों की खूब सेवा की। कृष्ण सखा संघ के नाम से चल रहे भंडारे के आयोजकों कमल कुमार मित्तल, संजय गोयल, सौरभ राजवंशी, विभूति भारद्वाज ने बताया कि यह उनका लगातार 14 वां भंडारा है। श्री लड्डू गोपाल कृष्ण सेवा समिति का भंडारा कल से चल रहा है। इसके आयोजकों प्रमोद मिश्रा, मोहित वर्मा, प्रदीप मिश्रा, हार्दिक मिश्रा ने बताया कि यह उनका 5वां भंडारा है। दिलीप कुमार, राजीव अग्रवाल, सचिन रस्तोगी, पीयूष खन्ना, विनीत वर्मा ने बताया कि इस बार उनका 25 वां भंडारा है। प्रशांत वर्मा, संजू अग्रवाल, शीतल भटनागर, पटेल सचान, राजवीर सिंह ने बताया कि इस बार उनका 15 वां भंडारा है। सड़कें कांवड़ियों के डीजे की आवाज से गुंजायमान रहीं। कुछ विशेष प्रकार की कांवड़ लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं। आज रात्रि में अधिकांश कांवड़िये अपने गंतव्य तक पहुंच जायेंगे। कल महाशिवरात्रि है।**



खानपुर तिराहे पर लगी कांवड़ियों की भीड़

# देर रात जंगल में फंसे दो कांवड़ियों की पुलिस की 112 टीम ने मदद की

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है। जंगल क्षेत्र में देर रात फंसे दो कांवड़ियों की पुलिस आपातकालीन सेवा 112 की टीम ने न केवल मदद की, बल्कि उनकी कांवड़ को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाकर संवेदनशीलता का परिचय दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निवासी मयूर और लव कुमार कांवड़ लेकर शुक्रवार/शनिवार की देर रात्रि बाइक से नगीना से हरेवाली की ओर आ रहे थे। रास्ते में सुनसान जंगल क्षेत्र में उनकी बाइक अचानक खराब हो गई। रात अधिक होने के कारण मार्ग पर आवाजाही भी बेहद कम थी और आसपास कोई अन्य कांवड़िया मौजूद नहीं था। ऐसे में दोनों श्रद्धालु असहाय स्थिति में फंस गए। इसी दौरान क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस 112 टीम की नजर उन पर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का



जायजा लिया और सबसे पहले खराब बाइक को पास के ग्राम में सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया। इसके बाद पुलिस टीम ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों श्रद्धालुओं की कांवड़ को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का निर्णय लिया। लगभग छह किलोमीटर तक पैदल चलकर पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों का साथ दिया। इस दौरान 112 पर तैनात सिपाही धर्मेंद्र कुमार ने स्वयं कांवड़ को अपने कंधे पर उठाकर चलने का सराहनीय कार्य किया। पूरी यात्रा के दौरान पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें सुरक्षित मार्गदर्शन भी दिया। देर रात जंगल क्षेत्र में पुलिस की इस सक्रियता और सेवा भाव ने यह साबित किया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है। बल्कि आवश्यकता पड़ने पर आमजन के लिए सहयोग और सहारा भी बनती है। पुलिस के इस सराहनीय एवं मानवीय कार्य की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। स्थानीय लोगों ने इसे पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली का सकारात्मक उदाहरण बताया है।




**नांगल सोती। कुछ कांवड़िये हरिद्वार से विशेष प्रकार की कांवड़ लेकर आये, जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं। ऐसी ही कांवड़ लेकर नांगल से निकलते दो कांवड़िये।**

# शिवभक्तों की सेवा में पलक पांवड़े बिछाये

**नगीना ( चिंगारी )**। महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर बाहर से आने वाले शिवभक्तों की सेवा के लिए नगरवासियों ने पलक पावड़े बिछा दिये हैं। नगर पालिका प्रशासन ने भी शिव भक्तों की सेवा के लिए विद्युत, सफाई व पेयजल की भरपूर व्यवस्था की है। महाशिवरात्रि के मौके पर आज शनिवार की मध्य रात्रि 12 बजे से नगर के प्राचीन बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ में होने वाले जलाभिषेक कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न



बड़ा मंदिर में रात्रि विश्राम के दौरान भारी संख्या में रखी कांवड़।



शिव भक्तों की कांवड़ के सामान के लिए सजी दुकान।

कराने के लिए लिए प्रशासन व मंदिर समिति ने पूरी व्यवस्था कर ली है। सभासद गोपाल शर्मा खुद बड़े मंदिर व उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पालिका टीम के साथ दिन-रात लगे हुए हैं। उधर शिव भक्तों की सेवा के लिए नगर में व्यापक स्तर पर समाजसेवी संस्थाओं व जिम्मेदार लोगों ने भंडारे लगाने शुरू कर दिये हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी पुलिस बल के साथ शुक्रवार को पूरे दिन क्षेत्र में कांवड़ियों के मार्गों का निरीक्षण करते रहे।

# हाईकोर्ट बैंच की मुहिम को जनान्दोलन बनाने की तैयारी

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना को लेकर पिछले कई सालों से चलाये जा रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को प्रभावशाली बनाये जाने के लिये अब इसको जनआंदोलन का रूप दिये जाने की आवश्यकता महससू की है और इसमें तीव्रता व प्रबलता लाने के लिये महान्यायिक संगठन बनाने का मन बनाया है। इस संगठन को बनाने के लिये वरिष्ठ अधिवक्ताओं से सलाह-मशवरा करके इसका मसौदा तैयार कर प्रारूप तैयार कर लिया गया है और शीघ्र ही इसका विधिवत नियमानुसार पंजीकरण कर संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों के नाम की घोषणा कर संगठन के उद्देश्यों और लक्ष्यों व महत्व को शीघ्र प्रदर्शित समाचार-पत्रों में प्रकाशित कर दिया जायेगा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना के औचित्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है, इस पर अब बहस की कोई आवश्यकता शेष नहीं है। विधानसभा हो या लोकसभा हो, सभी सदनों में विस्तारपूर्वक चर्चा के दौरान पक्ष या विपक्ष सभी दलों ने बैंच की स्थापना को अतिआवश्यक सस्ते और सुलभ न्याय के लिये जरूरी माना है। इतना ही नहीं, देश के उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायधीशों ने भी समय-समय पर जगह-जगह प्रशासनिक और न्यायिक दृष्टि से हाईकोर्ट बैंच की स्थापना जनता के हित में सही करार दिया है। इसके बावजूद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बैंच की स्थापना न होना, 12-13 करोड़ जनता के हितों पर कुठाराघात है।

हम इसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता के साथ नाइंसाफी ही नहीं, बल्कि बड़ा अन्याय और अपमान भी मानते हैं। इसके पीछे राजनीतिक लोगों की स्वार्थी सोच है, जो संवैधानिक और लोकतांत्रिक भावनाओं के विपरीत है, जो न जनहित में है न देशहित में है। इसलिये अब हमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना तक ही अपने इस आंदोलन को सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि इस विशालकाय प्रदेश में पश्चिम में एक लघु सचिवालय की मांग को भी इस आंदोलन से जोड़कर चलेंगे। अर्थात अब पश्चिम की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सस्ते व सुलभ न्याय के साथ-साथ न्यायिक और प्रशासनिक कार्यों में सुलभता व सरलता लाने के लिये व कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय और सचिवालय का होना अतिआवश्यक है। ये पश्चिम की आवश्यक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि अब पश्चिम की प्रतिष्ठा भी बन गई है और ये हमारा संवैधानिक व मौलिक अधिकार भी है, जिसे प्राप्त करने के लिये हमें राजनीतिक जाति, धर्म और सभी भेदभावों से ऊपर उठकर संगठित होकर मजबूती के साथ संकल्प लेकर नारा देना होगा 'चाहे जो मजबूरी हो, 2027 से पहले हमारी मांग पूरी हो।' हमारी चर्चा में यह विषय भी आया कि इस संघर्ष को प्रारंभ करने से पहले हमारे संगठन से जुड़े वरिष्ठ सदस्यों का एक प्रतिनिधिमण्डल सत्तारूढ़ पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिलकर या ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों से अवगत कराने का प्रयास करे ताकि हमें आंदोलित न होना पड़े और बड़े संघर्ष से बचा जा सके।



हमने अपनी इस मीटिंग में यह भी तय पाया कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने कार्यकाल में लखनऊ की विधानसभा में पश्चिम में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना के लिये प्रस्ताव पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था, इसके लिये उनका धन्यवाद दिया जाये और आगे अपनी इस न्यायिक मांग की लड़ाई में उनसे सहयोग के लिये आग्रह किया जाये।

**-राजेन्द्र कुमार एडवोकेट**
पूर्व अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन, बिजनौर

# स्वयंभू झारखंडी शिव मंदिर

## जहां भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं






**खारी/ झालू ( चिंगारी )।** जिला बिजनौर के ग्राम खारी स्थित प्राचीन स्वयंभू झारखंडी शिव मंदिर आज के समय में भक्तों की आस्था का अटूट केंद्र बना हुआ है। दूर-दूर से भक्त शिवजी के दर्शन के लिए मंदिर में आते हैं। भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक कर और प्रसाद चढ़कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में हजारों भक्तों की भीड़ लगी रहती है। त्रयोदशी की मध्य रात्रि 12:00 बजे मंदिर के पुजारी जी के द्वारा विधि विधान से पूजन किया जाता है और रात्रि से ही जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर के बाहर भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगनी आरंभ हो जाती हैं। भक्त हरिद्वार से कांवड़ लाकर शिवजी को समर्पित करते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। शाम होने तक जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहती हैं और ओम नम: शिवाय एवं हर हर महादेव के जयकारे मंदिर प्रांगण में गूंजते रहते हैं। महाशिवरात्रि पर मंदिर परिसर में एक भव्य मेले का आयोजन भी किया जाता है। मंदिर के बारे में बहुत सी प्राचीन कथाएं हैं, जो पुजारी जी द्वारा बताई जाती हैं। मान्यता है कि यहां जो भक्त श्रद्धा भाव से जो मनोकामना मांगते हैं, वह अवश्य पूर्ण होती हैं। इसी कारण हर सोमवार को मंदिर में भक्तों



की भीड़ लगी रहती है। भक्त धूप, दीप, नैवेद्य आदि से शिवजी का पूजन करते हैं।

### मंदिर प्रांगण में विराजमान हैं दर्जनों देवी-देवताओं की प्रतिमाएं

प्राचीन स्वयंभू झारखंडी शिव मंदिर में दर्जनों देवी-देवताओं के मंदिर हैं, जिसमें सर्वप्रथम मंदिर प्रांगण में उपस्थित होते ही नंदी जी विराजमान हैं। मंदिर के मुख्य द्वार में प्रवेश करने पर देवों के देव महादेव जी के दर्शन होते हैं, जहां लोग श्रद्धाभाव से उनकी पूजा-अर्चना करते हैं और धूप, दीप, नैवेद्य, बेलपत्र और बेर आदि चढ़ाकर उनसे अपनी मन्नतें मांगते हैं। मंदिर से बाहर निकलते ही भगवान श्री गणेश जी के दर्शन होते हैं, जहां पर श्री सीताराम जी भी विराजमान हैं। माता दुर्गा के दर्शन भी यहीं पर होते हैं। मंदिर प्रांगण में कई देवी-देवताओं जैसे भक्त हनुमान, मां दुर्गा, मां शेरावाली, मां शारदा, मां काली, मां सरस्वती, शिव पार्वती परिवार, श्रवण कुमार, यमराज, सत्यवान सावित्री, महर्षि दधीचि, श्री कृष्ण-सुदामा सहित अनेक देवी-देवता भी मंदिर में उपस्थित हैं। जो भक्त अपनी मनोकामना शिवजी से मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है। सभी मंदिरों की साफ सफाई का पूर्ण ध्यान रखा जाता है और समय-समय पर कई प्रोग्राम भी किए जाते हैं।

### मंदिर कमेटी करती है व्यवस्थाएं

मंदिर को व्यवस्थित करने में मंदिर कमेटी का पूर्ण सहयोग रहता है। मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर में स्वच्छ पानी, बिजली की व्यवस्था, समय पर साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है। कमेटी द्वारा मंदिर में धार्मिक प्रोग्राम भी कराए जाते हैं, जिसमें क्षेत्र के लोगों का भी सहयोग हमेशा रहा है। मंदिर समिति अध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर सिंह, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, मंत्री लटूर सिंह और आदि सदस्य दिन-रात एक करके मंदिर की व्यवस्था में लगे रहते हैं।

## प्रेरक कथा

# मौन की आवाज़

बिजनौर के सिविल लाइन्स स्थित पेट्रोल पंप पर उस दिन काफ़ी भीड़ थी। स्कूटी रोककर मैंने चारों ओर नज़र दौड़ाई कि कोई सेल्समैन खाली हो जाए। सभी कर्मचारी व्यस्त थे, तभी मैंने एक ऐसे युवक को देखा जो एक ओर शांत भाव से खड़ा था। उसने वर्दी सलीके से पहनी हुई थी, चेहरा सौम्य और आंखों में ग़ज़ब का आत्मविश्वास झलक रहा था। स्कूटी उसके पास ले जाकर मैंने कहा, 'भैया, दो सौ रुपये का पेट्रोल भर दो।' उस युवक ने मेरी ओर देखा, हल्की मुस्कान दी और अचानक जेब से एक डायरी व पेन निकालकर मेरी तरफ बढ़ा दिया। थोड़ा अचंभित होकर मैंने कहा, 'भाई, स्कूटी में पेट्रोल भरना है, ये डायरी क्यों दे रहे हो?' उसने कुछ नहीं कहा, बस अपने कान और होंठ की ओर इशारा किया और सिर हिलाकर बता दिया कि वह बोल-सुन नहीं सकता।




एक पल के लिए मैंने स्वयं को ठहरता हुआ पाया। मन में हैरानी भी थी और एक अनकहा सम्मान भी। उस युवक ने डायरी में लिखा- 'कितने रुपये?' डायरी लेकर मैंने लिखा, '200 रूपये' उसने तुरंत मशीन चालू की और पूरी तन्मयता से पेट्रोल भरने लगा। उसके काम में कोई झिझक, कोई असहजता नहीं थी। ऐसा लगा मानो उसकी खामोशी ही उसकी ताक़त हो। पास खड़े एक ग्राहक ने धीमे से कहा, ग्राहक 'ये लड़का बहुत मेहनती है साहब, अपने काम में किसी से कम नहीं।' पेट्रोल भरकर उसने फिर डायरी में लिखा- 'हो गया।' पैसे देते हुए मैंने कहा, 'तुम बहुत अच्छा काम कर रहे हो।' वह कुछ बोल नहीं सका, लेकिन उसकी आंखों की चमक ने मानो धन्यवाद कह दिया। उसी समय पेट्रोल पंप के मालिक प्रतीक वहां पहुंचे। उनसे मैंने कहा, 'आपने ऐसे युवक को काम देकर समाज को एक अच्छा संदेश दिया है।' प्रतीक बोले- 'दिव्यांगता शरीर की हो सकती है, सोच और क्षमता की नहीं। अवसर मिले तो ये लोग भी मिसाल बनते हैं।' पीछे मुड़कर मैंने उस युवक को फिर देखा वह अगले वाहन के इंतज़ार में उसी गरिमा और आत्मसम्मान के साथ खड़ा था। उस क्षण मन में यह बात गहरे उतर गई कि अंगों की दिव्यांगता से कहीं अधिक ख़तरनाक है लोगों की वह सोच, जो इन्हें कम आंकती है। वास्तविक मानसिक दिव्यांगता उन्हीं की है, जो क्षमता को सीमाओं में बांध देते हैं। स्कूटी स्टार्ट करते समय मन में एक ही भाव था- कभी-कभी मौन, शब्दों से कहीं अधिक ज़ोर से बोलता है।

**-डॉ. पंकज भारद्वाज**
मो. 9412452029

# चर्चा का विषय बनी बुर्के वाली 'भोली'

## पूरी श्रद्धा के साथ हरिद्वार से कांवड़ ला रही तमन्ना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शरीर पर काला बुर्का, जुबां पर बोल बम, आंखों में विश्वास की चमक, दिल में भगवान आशुतोष के जलाभिषेक की तमन्ना और कंधे पर गंगाजल की कांवड़। धार्मिक आस्था का यह अनोखा दृश्य देखकर लोग हैरत में पड़ गये।

तमन्ना नाम की इस 'भोली' की कांवड़ यात्रा के तमाम वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। संभल के ग्राम बदनपुर बसी निवासी तमन्ना मलिक की तमन्ना थी कि वह हरिद्वार से पैदल कांवड़ लाये। इस दृढ़ संकल्प के साथ तमन्ना ने हरिद्वार से कांवड़ यात्रा आरंभ की और अटूट विश्वास


पति के साथ कांवड़ लाती तमन्ना

के साथ वह अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही है। बुर्के वाली इस 'भोली' को लेकर लोगों में कौतुहल है। पुलिस भी तमन्ना की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरत रही।

तमन्ना सधे हुए कदमों के साथ लगातार पैदल चल रही है। उसे देखने के लिये लोग उमड़ रहे हैं। कांवरती साथी बोल बम के उद्घोष के साथ तमन्ना का मनोबल बढ़ा रहे हैं। लोग उस पर फूलों की वर्षा कर रहे हैं। लोग तमन्ना के साथ सेल्फी ले रहे हैं। उसके साथ लगभग 100 कांवरतियों का जत्था चल रहा है। पुलिस बल तमन्ना को सुरक्षा उपलब्ध करा रहा है। नूरपुर, फीना में तमन्ना का श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया।

तमन्ना के साथ चल रहे नीतीश ने बताया कि तमन्ना ने अमन उर्फ बिट्टू त्यागी नामक युवक से शादी की है। हालांकि शादी के बाद तमन्ना का नाम तुलसी रखा गया है। तमन्ना शादी के बाद भी बुर्का पहनती है। कांवड़ यात्रा में तमन्ना का पति भी साथ है।

# बजट में योजनाओं का सिर्फ दिखावा

## आम जनता के साथ किया छलावा

**शेरकोट ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन ने योगी सरकार द्वारा पेश किए गए सन् 2026 के बजट को जनता की भावनाओं पर आघात बताते हुए कहा कि बजट में जनता की बुनियादी जरूरतों की नीयत और नीति का अभाव है।




राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन ने बजट को मात्र एक लुभावना और छलावा करने वाला बजट बताते हुए कहा कि इस बजट से किसानों, छात्रों, महिलाओं, बीमारों, किसानों व आम जनता को कोई लाभ नहीं पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार और आम जनता को अच्छी सेवाएं देने में नाकाम रही भाजपा सरकार ने हवाई घोषणाएं कर अपनी नाकामी पर पर्दा डालने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि इस बजट से आम जनता को कोई राहत नहीं मिलेगी और ये लुभावना बजट बीते सालों की तरह जनता का खून चूसने और छलाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी दूर करने और दलित पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, किसानों, युवाओं और महिलाओं व गृहणियों के लिए कुछ खास नहीं है और ये जमीनी हकीकत से भी कोसो दूर है। श्री राइन ने सरकार से जनता को लुभावने सपने दिखाने के बजाय चिकित्सा, शिक्षा, महगाई, बेरोजगारी आदि जैसी समस्या से निजात दिलाने और चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

## होने लगा चिंगारी की ख़बर का असर

# आंगनबाड़ियों को रुका मानदेय दिलाने के प्रयास तेज

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 10 माह से रुका हुआ उनका मानदेय दिलाने के संबंध में चिंगारी में कई बार प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुई, जिसका असर होता दिखाई देने लगा है। डीपीओ व इंचार्ज सीडीपीओ ने उनका मानदेय दिलाने के प्रयास तेज कर दिये हैं, जिससे नवनियुक्त आंगनबाड़ियों को अब उनका पिछले 10 माह का रुका हुआ मानदेय शीघ्र मिलने की उम्मीद लग रही है। बाल विकास परियोजना अफजलगढ़ की इंचार्ज सीडीपीओ श्रीमती अनीता चौहान ने शुक्रवार को संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से उनके द्वारा पूर्व में जमा किए गए जिला सहकारी बैंक खाते के स्थान पर दूसरे राष्ट्रीयकृत बैंक के खाते ले लिए हैं। अनीता चौहान का कहना है कि नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा नियुक्ति के समय जमा किए गए जिला सहकारी बैंक अफजलगढ़ के बैंक खाते में बैंक द्वारा हुई आईएफएससी कोड की त्रुटि के कारण मानदेय न आ पाने की वजह से जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) बिजनौर विमल गुप्ता के निर्देशानुसार कार्यकत्रियों से दूसरी राष्ट्रीयकृत बैंक के खाते ले लिए गए हैं, जो निदेशालय लखनऊ भेजे जाएंगे, जिससे अब उनका मानदेय जल्दी ही आने की पूरी उम्मीद है। बता दें कि मार्च/अप्रैल 2025 में इस ब्लॉक में लगभग तीन दर्जन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति हुई थी, मगर लगातार ड्यूटी के बावजूद उन्हें अभी तक मानदेय नहीं मिल पाया है।


# 17 फरवरी को हज प्रशिक्षण और टीकाकरण शिविर का आयोजन

**शेरकोट (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश हज कमेटी के निर्देश पर इस साल हज यात्रा पर जाने वाले हज आजमीनों के लिए आगामी 17 फरवरी मंगलवार को नगर के आरयूएम हायर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया जायेगा।


फुरकान महमूद अंसारी

उक्त जानकारी कमेटी के ट्रेनर मौ. शादाब और स्कूल प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति हाईवे पर चुंगी नम्बर 5 के निकट स्थित आरयूएम हायर सेकेंडरी स्कूल में लगाए जाने वाले कैंप में हज आजमीनो को ट्रेनरों द्वारा हज के अरकानों की जानकारी देते हुए ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हज यात्रियों का टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने कैम्प में आने वाले हज यात्रियों से अपना कवर नम्बर, ब्लड ग्रुप की रिपोर्ट, पासपोर्ट की फोटो कॉपी, मेडिकल फिटनेस एवं कोविड वैक्सीन लगे होने का सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाने और टाइम पर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी




# ग्राम समाज की भूमि पर किये गये अवैध निर्माण को नगर पालिका ने कराया ध्वस्त

**शेरकोट ( चिंगारी )। कुछ लोगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर किये गये अवैध निर्माण को नगर पालिका की टीम ने जेसीबी मशीन से ध्वस्त कराकर भूमि को समतल करा दिया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने पुन: निर्माण करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी।**

नगर के मुहल्ला नौधना के निकट एक सरकारी भूमि पट पड़ी हुई है, जिसके कुछ भाग पर मौहल्ला नौधना निवासी की लोगों द्वारा बुनियाद और दीवारों का निर्माण कराया जा रहा था। मामले का पता लगने पर अधिशासी अधिकारी द्वारा तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगवाकर राजस्व विभाग द्वारा भूमि की जांच कराई गई। अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि लेखपाल द्वारा की



गई तमाम जांच के बाद उक्त भूमि सरकारी मापी गई है। राजस्व विभाग की जांच में भूमि सरकारी सिद्ध हो जाने पर शुक्रवार को भूमि पर किये गए समस्त निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराकर भूमि को कब्जामुक्त करा दिया गया।

अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने कहा कि नगर में किसी को भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने भविष्य में पुन: निर्माण का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। भूमि को कब्जामुक्त कराने ईओ कृष्ण मुरारी के नेतृत्व में पहुंची टीम में लेखपाल छत्रपाल सिंह, मौ. ताहिर, फहीम अहमद, मोहित कुमार सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शादाब जकाती ने की चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की तारीफ

## नगर आगमन पर शादाब के फैन ने किया स्वागत

नजीबाबाद (चिंगारी)। मशहूर यूट्यूबर शादाब जकाती (10 वाला बिस्कुट कितने का है) के नजीबाबाद के अजमल खां रोड पर सम्राट दूल्हा कलेक्शन पर प्रमोशन के लिए पहुंचने पर उनके फैन ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से आमंत्रित किये गये नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की शादाब जकाती ने तारीफ करते हुए कहा कि लोगो को इनके कार्यों से सीख लेनी चाहिए। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को देखते ही शादाब ने उन्हें पहचान लिया और कहा, हमें चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम से सीखना चाहिए कि शहर का काम व विकास कैसे किया जाता है। वे सभी धर्मो के लोगों को एक साथ कैसे लेकर चल रहे हैं, यह उनकी सबसे बड़ी ताकत है।



चेयरमैन इंजी. मुअज्जम व शादाब जकाती का शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए।

नजीबाबाद को ऐसे समर्पित चेयरमैन मिलना गर्व की बात है। शादाब जकाती कहा कि चेयरमैन एक खास पर्सनल्टी है, उन्हें लोगों से पता चला कि वह काफी अच्छा काम कर रहे है। शादाब जकाती के यहां आने पर उनके काफी संख्या में फैन उनसे मुलाकात करने के साथ उनके साथ सेल्फी भी ली। शादाब जकाती ने सभी से मिलकर खुशी जाहिर की। दूल्हा कलेक्शन के स्वामी मौ. जाकिर ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम व यूट्यूबर शादाब जकाती का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस मौके पर मौ. शारिक, व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, शाहिद सिद्दीकी, मोनू टाटा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सेंट मैरीज हॉस्पिटल डे पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मैरीज हॉस्पिटल, नजीबाबाद का हॉस्पिटल डे बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन विश्व रोगी दिवस के अवसर पर किया गया, जिसमें सेवा, संवेदनशीलता व सामाजिक जागरूकता का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ हुई। अस्पताल निदेशक फादर पायस फिलिप ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट मैरीज हॉस्पिटल नजीबाबाद जनता की सेवा के लिए समर्पित है, अस्पताल में ईमानदारी, निष्ठा एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से 24 घंटे चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां में नृत्य, हास्य अभिनय, गीत-संगीत एवं माइम प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मोबाइल फोन के दुरुपयोग पर आधारित एक सुंदर व संदेशपूर्ण माइम प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। डॉ. नवसत्यम राजपूत, डॉ. अश्वनी सक्सेना एवं डॉ. ज्योति सक्सेना ने गीत प्रस्तुत किये। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को डॉ. फादर जोस पाडयट्टी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिस्टर एनी, सिस्टर सुष्मिता, सिस्टर अंसा, सिस्टर ज्योथिस, श्रीमती ज्योति वंदना, मिस रानी एवं सिमरन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में फादर टोनी, सिस्टर लिसी, तुषार शर्मा, कृष्णा एवं नीरज का सहयोग रहा।



# ढिकाला में नज़र आया दुर्लभ उल्लू

अफजलगढ़ (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकाला क्षेत्र और इसके लैंडस्केप में दुर्लभ स्पॉट-बेलीड ईगल-आउल (बेलीड ईगल-आउल) की साइटिंग दर्ज की गई है, जिससे वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह है।

दुर्लभ उल्लू को अपने कमरे में कैद करने वाले वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने बताया कि करीब 20 से 25 इंच लंबा और लगभग दो किलोग्राम वजनी यह शक्तिशाली रात्रिचर उल्लू भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के घने वनों में पाया जाता है। इसकी बड़ी कद-काठी, नारंगी आंखें और रात में निकलने वाली तेज आवाज के कारण इसे स्थानीय स्तर पर जंगल का भूत भी कहा जाता है। दिन में यह घने पेड़ों में विश्राम करता है और रात में शिकार की तलाश में निकलता है। इसके आहार में मोर के बच्चे, खरगोश, छिपकलियां और अन्य छोटे जीव शामिल हैं। उनके अनुसार यह उल्लू अत्यंत दुर्लभ है और इसे देख पाना सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि इस प्रजाति की उपस्थिति कॉर्बेट लैंडस्केप की समृद्ध जैव विविधता का प्रमाण है। बताया जाता है कि इस उल्लू की आवाज महिला के रोने जैसी प्रतीत होती है। हालांकि विशेषज्ञों के अनुसार इसकी ध्वनि पूरी तरह प्राकृतिक है।



स्पॉट-बेलीड ईगल-आउल (फोटो- वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार से प्राप्त)

वनकर्मियों का कहना है कि किसी भी क्षेत्र में शीर्ष शिकारी पक्षियों की उपस्थिति वहां के संतुलित और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मानी जाती है। स्पॉट-बेलीड ईगल-आउल की मौजूदगी यह दर्शाती है कि कॉर्बेट लैंडस्केप में प्राकृतिक आवास और शिकार प्रजातियां सुरक्षित हैं। यह साइटिंग संरक्षण और जागरूकता के महत्व को भी रेखांकित करती है।

# .. जी भरके कोई एक बार देखता मुझे

## मिर्जा गालिब की पुण्यतिथि पर हुआ मिनी मुशायरा

नगीना (चिंगारी)। मशहूर शायर मिर्जा गालिब की 157वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में 'इदारा अदबे इस्लामी' द्वारा स्कॉलर पब्लिक स्कूल में काव्य गोष्ठी व मिनी मुशायरे का आयोजन किया गया। देर रात तक चली इस महफिल में शायरों ने अपने कलाम से समां बांध दिया। रईस अहमद राज़ की अध्यक्षता व बहार शम्सी के संचालन में आयोजित गोष्ठी का आगाज़ डॉ. अहतशाम तश्ना ने तिलावत-ए-कुरान से किया। बहार शम्सी ने कहा कि यह कह रही है दोस्तो नब्ज़े हयात आज, चखना पड़ेगा मौत का भी ज़ायका मुझे। हाफ़िज़ नगीनवी ने कहा लौटा हूं उस गली से यह हसरत लिए हुए, जी भर के एक बार कोई देखता मुझे। तसलीम अहमद तसलीम ने कहा कि उसकी गली में जाके ठहर जाते हैं क़दम, आगे दिखाई देता नहीं रास्ता मुझे। अशरफ शेरकोटी ने कहा कि पहचान मुझको और मेरे साथ साथ चल, देता है वक्त रोज यही मशवरा मुझे। शाहिद अंजुम ने कहा कि करता था मसलहत से मैं तज़हीके मैयकशी, अह्ले जहां ने मान लिया पारसा मुझे। डॉ. अहतशाम तश्ना ने कहा कि तुझसे बिछड़ के रोने के आदाब आ गए नुकसान से हुआ है बहुत फायदा मुझे। रईस अहमद राज़ ने कहा कि यह सोच कर बुराई से खुद को बचा लिया, मेरे किए की मिलनी है एक दिन सज़ा मुझे। कार्यक्रम में इरशाद अली मुल्तानी, सभासद असलम सिद्दीकी, मुनीर आलम, प्रधानाचार्य शारिक़ नौमानी, हाफ़िज विसाल, अहकाम शम्सी आदि मौजूद रहे।






# विधर्मियों के आक्रमण के बावजूद हिन्दू धर्म अक्षुण्य - भागय्या

## आलोपुर में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन



**बिजनौर ( चिंगारी )। शांति निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलोपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविन्द पुरी जी महाराज भोगीवाले ने की तथा संचालन शिवकुमार ने किया। वी भागय्या जी अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व सहसर कार्यवाह ने कहा कि हिंदू संस्कृति, ईसाइयों और मुस्लिम विधर्मियों के आक्रमण के बाद भी अक्षुण्य है। इसकी अपनी विशेषताएं सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया है। हिंदू संस्कृति में पूरे विश्व को परिवार माना जाता है। ऋषि-मुनियों ने अपनी हिंदू संस्कृति को जिंदा रखा। आज संगठित होने की आवश्यकता है कि स्वार्थ को त्यागना पड़ेगा। समाज के प्रति कार्य करना हमारी जिम्मेदारी है। संघ किसी सरकार के आधीन रहकर कार्य नहीं करता। संघ एक स्वावलंबी संगठन है। श्री गोपाल दास महाराज जी ने कहा आज हिंदू को जगाने की आवश्यकता है 'माता भूमि पुत्रो अहं पृथ्वीया' अर्थात सभी धरती माता की संतान हैं और सभी इसके पुत्र हैं। संसार में हिंदू धर्म एक सर्वश्रेष्ठ धर्म है। भगवान राम व कृष्ण के जीवन से हमें राष्ट्र धर्म और हिंदू धर्म की सीख लेनी पड़ेगी। सम्मेलन में आयोजन समिति के संरक्षक श्रीमान महेंद्र जी, प्रिंस जी, देवेंद्र जी, रविंद्र जी, अरविंद जी, यादराम जी, अमन जी, ब्रह्मपाल जी, पौरुष जी, टिकम जी, पवन जी, नितिन जी आदि रहे।


## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद, मण्डल मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मौ. इरफान द्वारा संस्था अक्शा मस्जिद मुमताज कॉलोनी इन्तेजामिया कमेटी, मुमताज कॉलोनी कोतवाली देहात नजीबाबाद रोड पो. कोतवाली तह. नगीना, जिला बिजनौर का मोहतमिम/प्रबंधक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्व श्री 1. इसरार- सदर/अध्यक्ष, 2. मौ. राशिद- नायब सदर/उपाध्यक्ष, 3. मौ. इरफान- मोहतमिम/प्रबंधक, 4. शफीक अहमद- नायब मोहतमिम/उपप्रबंधक, 5. मौ. आदि- खजान्जी/कोषाध्यक्ष, 6. नाजिम, 7. मौ. शाहिद, 8. फैइम नसीम सुलताना अहमद, 9. मौ. आफाक, 10. नफीस, 11. नफीस अहमद-मेम्बरी/सदस्य दर्शाये गये हैं।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बंधी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से

( आनन्द विक्रम सिंह )

सहायक निबन्धक


# फिजिक्स में सूत्र का सही प्रयोग करें

**सहसपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई द्वारा आयोजित परीक्षा में 20 फरवरी को फिजिक्स का पेपर है। एचएम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी सहसपुर में स्कूल फिजिक्स के प्रवक्ता महमूद अहमद ने परीक्षा की तैयारी की बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिये। श्री महमूद अहमद ने छात्र-छात्राओं को बताया कि भौतिक विज्ञान रटने का विषय नहीं है। सूत्रों का सही प्रयोग करें तो अच्छे अंक आयेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों




प्रवक्ता महमूद अहमद

## तैयारी परीक्षा की

को परीक्षा से घबराने की ज़रूरत नहीं है। सबसे पहले पाठ्यक्रम की गहराई से जानकारी होनी चाहिए। बीते वर्षों के प्रश्न-पत्रों का अध्ययन करने से ये स्पष्ट हो जाता है कि किस अध्याय से किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं। संख्यात्मक प्रश्नों में सूत्र याद करने के साथ ये भी जरूरी है कि सूत्र का प्रयोग क्यों और कैसे किया जा रहा है। केवल उत्तर लिखना नहीं बल्कि उसे विधि और क्रमबद्ध समाधान प्रस्तुत करना भी अंक दिलाता है। सूत्र रटने की बजाय ये समझें कि वे कहां से आए हैं और उनका प्रयोग कैसे करना है। ज़्यादा से ज़्यादा प्रैक्टिस करें, रटे नहीं समझे। श्री महमूद अहमद ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं।

# रमज़ान में कारी अब्दुल हन्नान 70वीं मरतबा सुनायेंगे कुरआन



**बिजनौर ( चिंगारी )। नगर के मुहल्ला मिर्दगान की जामा मस्जिद के इमाम-ओ-खतीब कारी अब्दुल इन्नान इस वर्ष भी रमजान में तरावीह के दौरान कुरआन-ए-करीब सुनाएंगे। इस वर्ष वे 70वीं मर्तबा कुरआन-ए-पाक सुनाएंगे। जैसे ही उन्होंने मस्जिद में उपस्थित नमाजियों को यह खुशखबरी सुनाई, तो मस्जिद व मुहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गई।**

दरअसल, नमाजियों को अनुमान था कि शायद उत्तर प्रदेश में लगातार 70 साल तक कुरआन सुनाने वाला कोई न होगा। परन्तु कारी साहब ने स्पष्ट किया कि उन जैसे बहुत से खुश नसीब होंगे, जो 70 साल से कुरआन सुनाते आ रहे होंगे। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें किसी ऐसे सम्मानित व्यक्ति का पता चला तो वह उन्हें 24वें रोजे पर हर कीमत पर बिजनौर लायेंगे और उनसे मुल्क की सलामती, कौमी एकता एवं देशवासियों की खुशहाली के लिये दुआ करायेंगे। बता दें कि कारी हन्नान साहब 86 वर्ष के हो चुके हैं। वे 24वें रोजे और 25वीं रात को अपनी सैकड़ों शैदाइयों के बीच कुरआन मुकम्मल करेंगे।

# कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव के क्रेशर पर एक्स सर्विसमैन वैलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने कांवड़ सेवा शिविर का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक खिलेंद्र कुमार, मुनेश कुमार, सुरेश चंद्रा, नरेश कुमार, कपिल कुमार के अलावा इशांत कुमार, सत्यवीर सिंह, मुनेश कुमार, महावीर सिंह, प्रीति ढाका, मामराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर ने राष्ट्रीय रेडियो सम्मेलन में किया प्रतिभाग



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्व रेडियो दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली में स्मार्ट गेट्स फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय रेडियो सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज भी रेडियो समुदाय के बीच संवाद स्थापित करने का एक सशक्त और विश्वसनीय माध्यम है। रेडियो लोगों को जागरूक करने, जोड़ने और सशक्त बनाने का प्रभावी मंच है, अत: इसका अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। सम्मेलन के दौरान रेडियो प्रसारण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) के उपयोग को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि ए.आई. तकनीक के माध्यम से रेडियो कार्यक्रमों को और अधिक आकर्षक, प्रभावी एवं सटीक बनाया जा सकता है। रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर की ओर से सुनील भारद्वाज एवं संग्राम सिंह ने सम्मेलन में प्रतिभाग किया।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**हल्दौर ( चिंगारी )। राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर की राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस ) प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवां दिन समापन दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

दीप प्रज्वलित कर एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते अतिथिगण।



कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक धर्मेंद्र कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय परिवार द्वारा मां सरस्वती जी को पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक एनएसएस का लक्ष्य गीत गाकर वातावरण को देशभक्ति और सेवा भावना से ओत-प्रोत कर दिया। समापन समारोह में शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने स्वयं सेविकाओं को समाजसेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. ज्योति रॉय ने शिविर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी स्वयंसेविकाओं की सराहना की। सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश चंद गहलौत ने कहा कि एनएसएस युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का विकास करता है। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा, जयपाल कुमार, अवनीश कुमार, मनोज कुमार, मणिकांत कुमार, सेवानिवृत शिक्षक जयपाल सिंह, सुधीर कुमार, डा. राजपाल सिंह, श्रद्धा मिश्रा, भाषा रानी, ज्योति रानी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने गाजीपुर में लगाई चौपाल

## ब्लॉक कार्यालय का किया निरीक्षण



डीएम जसजीत कौर को सम्मानित करती आकांक्षा चौहान।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत 'गांव की समस्या-गांव में समाधान' के तहत विकास खंड के ग्राम पंचायत गाजीपुर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम के बाद खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण किया गया। डीएम ने खंड विकास कार्यालय में एसआईआर के अंतर्गत फर्जी वोटर की चैकिंग, कक्षा का निरीक्षण किया और कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर से उसकी चैकिंग करने के तरीके के बारे में पूछा और प्रैक्टिकल रूप से उसको चेक किया, जो सही पाया गया। उन्होंने निर्देश दिए की ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जितने भी गौशालाएं हैं सभी में गौवंशों के लिए पानी, चारा सहित सभी व्यवस्थाएं रखी जाएं। उन्होंने यह भी निर्माण निर्देश दिये कि ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, सभी को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार पूर्ण कराने और समय-समय पर निर्माण सामग्री का निरीक्षण करते रहे, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता न होने पाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत पाया जाए, उसे उक्त योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि ब्लॉक में युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए मिनी स्टेडियम के लिए जगह का चिन्हांकन करें और निर्माण के लिए इसका प्रस्ताव उनके द्वारा शासन को प्रेषित कराएं। उन्होंने अभी निर्देश दिए की एनआरएलएम योजना के अंतर्गत गठित महिलाओं समूह के उत्पादों को अच्छा बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करें और कैफे खुलवाएं तथा खंड विकास कार्यालय प्रांगण में सूक्ष्म जलपान के साथ-साथ लंच आदि की व्यवस्था के लिए भी कैफे खुलवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान खंड विकास कार्यालय में सफाई व्यवस्था सही पाई गई तथा अभिलेखों का रखरखाव भी सही पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीपी सिंह, समाजसेवी राशु चौहान,सतवीर चौहान सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्कूल में शिविर लगाकर बच्चों की आंखों की जांच की



आरआर पब्लिक स्कूल में बच्चों की आंखों का निरीक्षण करता चिकित्सक।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हयात आई केयर एंड आप्टिकल नूरपुर के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक ज़ीशान अहमद के नेतृत्व में अब्दुल मन्नान, रमसा हयात आदि चिकित्सकों ने स्कूल के 1161 छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की गई और देखभाल के सुझाव दिए गए। शिविर में छात्रों की आंखों में देखने की क्षमता की जांच के दौरान जिन छात्रों में जो दृष्टि दोष पाया गया, उसको उसी हिसाब से चश्मा का सुझाव देते हुए उनके लिए लेंस नंबर की जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि इस शिविर का मूल उद्देश्य समय-समय पर छात्रों को नेत्र समस्या से किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसके प्रति जागरूक करना है। वरिष्ठ चिकित्सक ज़ीशान अहमद ने कहा कि अधिकांश बच्चों की आंखों में एलर्जी व धूल मिट्टी से संक्रमण पाया गया। इस अवसर पर टीकम सिंह, चंचल कटारिया जीवन सिंह, कपिल कुमार, शिवांगी चौहान, संजीव डबास, गौरव चौहान, अजय कुमार, प्रीति चौहान, रीतू रानी आदि का सहयोग रहा।

# मिलेनियम स्कूल में हुआ कांवरतियों का स्वागत



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मिलेनियम पब्लिक स्कूल के संपूर्ण स्टाफ ने कांवरतियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने कांवड़तियों को फल भेंट किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में एडमिनिस्ट्रेर अबुल कलाम, उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, सतेन्द्र कुमार, हेमेंद्र कुमार, कुशलपाल सिंह, सतीश कुमार, गजेय सिंह, सचिन कुमार, विनोद कुमार, विकाश कुमार, शारिक अली खान, अमृत राज, विपिन कुमार शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।**

# कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा निकाली

**नहटौर ( चिंगारी )।** मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी की ओर से ग्राम शादीपुर से पदयात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह द्वारा किया गया।

शुक्रवार को ग्राम शादीपुर में आयोजित हुई पदयात्रा से पूर्व उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि मनरेगा की लड़ाई लड़ने के लिए सभी को घर से निकलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना गरीब मजदूर के उत्थान के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई थी। वर्तमान सरकार गरीबों से नफरत करती है। मनरेगा हमारे गरीब मजदूर भाई, बहनों का अधिकार है। मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की रीढ़ है। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को कमजोर करने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। पदयात्रा के शादीपुर से प्रारम्भ होकर इलाचीपुर, बरूकी, बेगावाला, पेडी, राशिदपुर गढ़ी से होकर बिजनौर मुख्यालय में संपन्न हुई। पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह और जिला यात्रा समन्वयक परवेज आरिफ उर्फ टिट्टू, बिजनौर जिला मनरेगा समन्वयक मोहम्मद सलीम ने किया।

# चेयरमैन ने सड़क निर्माण की जांच कर आवश्यक निर्देश दिये

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने नगर के मौहल्ला जाब्तागंज में बन रही सड़क का निरीक्षण किया।



चेयरमैन ने मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री रेत, बजरी व सीमेंट की जांच कर आवश्यक निर्देश दिये। जाब्तागंज के सम्मानित लोगों ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम का सड़क निर्माण के लिए शुक्रिया अदा किया। लोगों ने कहा कि उनकी यह सड़क 40-45 साल बाद बन रही है। यह कार्य सराहनीय है।

# एक्सपायरी डेट का कोल्ड ड्रिंक पीने से दो कांवरतियों की हालत बिगड़ी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** कोल्ड ड्रिंक पीने से दो कांवरतियों की हालत खराब हो गई। पुलिस ने चिकित्सक को बुला कर उनका उपचार कराया, हालत में सुधार होने पर कांवरती अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। कांवरती की तहरीर पर पुलिस ने दुकानदार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। महाशिवरात्रि पर्व पर चांदपुर से होकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवरती अपने गंतव्य की ओर जा रहे है। शुक्रवार को चांदपुर से होकर जा रहे अमरोहा जनपद के कांवरतियों ने एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक खरीदी। कोल्ड ड्रिंक पीने से अनिल सिंह पुत्र केहर सिंह व अमित पुत्र गंगा राम ग्राम पूठी जनपद अमरोहा की हालत बिगड़ गई। कोल्ड ड्रिंक को चैक करने पर वे एक्सपायर निकली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चिकित्सक को बुला कर उनका उपचार कराया। हालत सही होने पर कांवरती अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सके। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुकानदार परवेश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# आखिरकार शुरू हो गया चांदपुर-बास्टा मार्ग का निर्माण

**चांदपुर ( चिंगारी )। लम्बे इंतजार के बाद शुक्रवार को दोपहर बाद चांदपुर-बास्टा-अहरोला मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो जाने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।**

चांदपुर-बास्टा-अहरोला मार्ग पिछले लम्बे समय से पूरी तरह क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों द्वारा बार-बार मांग करने के बावजूद सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा था। सड़क के जगह-जगह से टूटे होने के कारण इस मार्ग



पर आये दिन दुर्घटनाएं भी हो रही थीं। कुछ माह पूर्व एक आरिष्टी में शामिल होने के लिए सांसद चंदन चौहान से वहां मौजूद लोगों ने सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की थी। सांसद ने सड़क का निर्माण शीघ्र कराये जाने का लोगों को भरोसा दिलाया था। आखिरकार सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाने से क्षेत्रवासियों में खुशी छा गई।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# इस बार महाशिवरात्रि पर बन रहा सर्वार्थ सिद्धि का योग



महाशिवरात्रि का पावन पर्व रविवार, 15 फरवरी 2026 को मनाया जाएगा। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी शाम 5.04 बजे से प्रारंभ होकर 16 फरवरी शाम 5.34 बजे तक रहेगी। शिवरात्रि पर पूजा-अनुष्ठानों का सबसे प्रमुख और शुभ समय निशीता काल है, जो इस वर्ष 16 फरवरी को मध्यरात्रि 12 बजकर 09 मिनट से 1 बजकर 01 मिनट तक रहेगा। इस अवधि में शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, गंगाजल और पंचामृत से अभिषेक करना अत्यंत फलदायी होता है। शिवरात्रि पर पूजा को चार प्रहरों में विभाजित किया गया है। पहले प्रहर का समय शाम 6 बजकर 11 मिनट से 9 बजकर 23 मिनट तक रहेगा, दूसरे प्रहर का समय रात्रि 9 बजकर 23 मिनट से 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा, तीसरे प्रहर का समय 12 बजकर 35 मिनट से 3 बजकर 47 मिनट तक तथा चौथे प्रहर का समय सुबह 3 बजकर 47 मिनट से 6 बजकर 59 मिनट तक रहेगा। इन सभी प्रहरों में शिवलिंग की पूजा तथा जागरण करना शुभ माना जाता है ।

सिविल लाइंस बिजनौर स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा के सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जिसे धार्मिक ग्रंथों में सभी कार्यों के सिद्ध होने वाला योग कहा गया है। ऐसा योग साधना-उपासना, मंत्रोच्चारण और पूजा-कार्य के लिए विशेष फलदायी माना जाता है।

महाशिवरात्रि पर निम्न मंत्रों का जाप श्रद्धा और संयम के साथ करना चाहिए- 1. नमः शिवाय, यह पंचाक्षरी मंत्र भगवान शिव को समर्पित सर्वाधिक प्रभावशाली मंत्र है। इसका अर्थ है 'मैं भगवान शिव को प्रणाम करता हूं।' इस मंत्र का निरंतर जप मन की शांति, सकारात्मक ऊर्जा तथा आध्यात्मिक जागृति प्रदान करता है।

**रूद्र गायत्री मंत्र- तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्॥**

यह मंत्र बुद्धि, ज्ञान और चेतना के विकास का अनुरोध है। इन मंत्रों का जाप विशिष्ट समय पर करने से श्रद्धालु का मन, बुद्धि और चेतना एकाग्र होती है।

महाशिवरात्रि के पारंपरिक पूजा-अनुष्ठान में शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, पंचामृत और बेलपत्र आदि अर्पित किए जाते हैं। शिव की आराधना में ' ऊं नमः शिवाय' के अलावा शिवतांडव स्तोत्र का पाठ, भजन-कीर्तन और ध्यान भी किया जाता है, जिससे मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति होती है। महाशिवरात्रि न केवल भगवान शिव की आराधना का पर्व है, बल्कि आत्मिक शुद्धि तथा मनोवैज्ञानिक संतुलन का अवसर भी है। इस रात की पूजा, उपवास और रात्रि जागरण से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, शांति तथा आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। यह पर्व ज्ञान, बल और शांति का संदेश लेकर आता है और भक्तों को स्वयं के भीतर की दिव्यता की अनुभूति प्रदान करता है।



**-पंडित अभिलाष शर्मा,**
विष्णुलोक-सिविल लाइन पंजाब नेशनल बैंक के बराबर में, बिजनौर।
मो. 9457563232

# क्षेत्रीय बाल खिलाड़ियों ने बिजनौर में दमखम दिखाया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। जनपद मुख्यालय पर शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 41वीं बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के बाल खिलाड़ियों ने खूब दमखम दिखाया। पीटीआई सबील अहमद ने बताया कि क्षेत्र के दर्जन भर परिषदीय विद्यालयों के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने जनपद स्तरीय इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन के बच्चों ने अफजलगढ़ ब्लॉक का मान बढ़ाते हुए कई प्रतियोगिताओं में सफलता पाई। इस विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र जोगेंद्र ने गोला फेंक व ऊंची कूद में प्रथम एवं चक्का फेंक में द्वितीय स्थान पाया, जबकि इसी विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र मौ. जैद 100 मीटर दौड़ में तीसरे स्थान पर रहे, साथ ही वॉलीबॉल टीम भी विजयी रही। जबकि हैंडबॉल में यहां की टीम पहले ही मंडल स्तर के लिए चयनित हो चुकी है। दूसरी ओर संविलियन विद्यालय आराजी कंधला की कबड्डी की टीम ने भी द्वितीय स्थान हासिल किया। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला स्तर के सभी विजेता खिलाड़ी 17 फरवरी को संभल में होने वाली मंडल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भागीदारी कर सकेंगे।



# गंगदासपुर की खो-खो टीम ने छठी बार जीता गोल्ड मेडल



**बिजनौर ( चिंगारी )**। बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में गंगदासपुर की जूनियर बालक वर्ग खो-खो टीम ने लगातार छठी बार गोल्ड मेडल जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। टीम पिछले पांच वर्षों से लगातार स्वर्ण पदक जीतती आ रही है। इसके अलावा आयाम ने चक्का फेंक में गोल्ड और अमन ने 600 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोच ओम प्रकाश ने बताया कि टीम अब 17 फरवरी को संभल में होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। प्रधानाध्यापक धीरेंद्र कुमार व स्टाफ ने टीम को बधाई दी।

# शिवरात्रि पर मृत्युंजय महादेव मंदिर में होगा देवाधिदेव कार्यक्रम




**बिजनौर ( चिंगारी )**। बैराज रोड स्थित पुलकित मेमोरियल हॉसिप्टल में मृत्युंजय महादेव मंदिर में शविरात्रि के महापर्व पर प्रातः 6 बजे से मध्यरात्रि 4 बजे तक देवाधिदेव का कार्यक्रम रखा गया है, हॉस्पिटल द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया पूजन व रुद्राभिषेक करवाने के लिये एक दिन पहले 7302011159, 8979998961 पर सम्पर्क किया जा सकता है। हॉस्पिटल की ओर से सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं एवं सभी भक्तों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।

फाइनेंस सुविधा उपलब्ध

*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके धुव्रिका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# 'अफसर बिटिया' कार्यक्रम में बालिकाओं एवं अभिभावकों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

## बालिकाओं की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत रिखणीखाल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज, कर्तिया में 'अफ्सर बिटिया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने बालिकाओं, अभिभावकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बाल विकास परियोजना अधिकारी महबूब खान ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बाल विवाह और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया। वहीं पुलिस विभाग की ओर से साइबर क्राइम और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों से बचाव हेतु कानूनी प्रावधानों एवं हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। स्वास्थ्य विभाग से आये चिकित्साधिकारी डॉ. सोनाली और डॉ. आलोक ने बालिका स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और कन्या भ्रूण हत्या जैसे संवेदनशील विषयों पर प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी किरन नेगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और शिक्षा के अधिकार के माध्यम से बालिकाओं को मिलने वाले शैक्षणिक लाभों के बारे में बताया। इस अवसर पर बालिकाओं के मध्य निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 27 बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में सामान्य अध्ययन की पुस्तकें और डिक्शनरी प्रदान की गईं, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों, महिला मंगल दल और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

# श्यामपुर पुलिस ने शिवभक्तों को बांटे खाने के पैकेट

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** श्यामपुर कोतवाली पुलिस ने कांवड़ यात्रा के दौरान मानवता की मिसाल पेश करते हुए कांवरियों को जलपान कराया। शुक्रवार को श्यामपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोहर भंडारी के नेतृत्व में



## वर्दी में सख्ती और दिल में श्रद्धा

श्यामपुर कोतवाली पुलिस ने कांवरियों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य को जा रहे कांवरियों को जलपान के पैकेट वितरित किये। कांवरियों की यात्रा को आरामदायक बनाना और उन्हें असुविधा से बचाने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पैदल यात्रा कर रहे कांवरियों से बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना। हरिद्वार से गंगाजल अपने गंतव्य में को लेकर जा रहे कांवरियों ने पुलिस की इस सेवा भाव की खुले मन से प्रशंसा करते हुए कहा 'वर्दी में सख्ती और दिल में श्रद्धा' के संदेश को चरितार्थ करता है।

# कांग्रेस ने की बजट सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग

## एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

शुक्रवार को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र अन्य राज्यों की तुलना में अत्यंत कम अवधि का होता है, जिसके कारण राज्य की जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर समुचित चर्चा नहीं हो पाती। प्रदेश के विधायकों द्वारा उठाए जाने वाले जनहित के प्रश्न सदन तक नहीं पहुंच पाते, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो रही है। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए कहा गया है कि राज्य में भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, बढ़ते अपराध, वन्य जीवों के हमले से हो रही जनहानि, पेयजल संकट, आपदा पीड़ितों के पुनर्वास व मुआवजे की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा पंचायत राज एक्ट में सुधार को लेकर की गई टिप्पणियों के बावजूद आज तक सरकार द्वारा आवश्यक संशोधन नहीं किये गये हैं। इसके अतिरिक्त, सरकारी भूमि की नीलामी और प्रशासनिक उदासीनता जैसे विषय भी जनता के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि आगामी बजट सत्र को कम से कम तीन सप्ताह की अवधि के लिए आहूत किया जाए, ताकि जनहित से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर और सार्थक चर्चा हो सके। साथ ही सत्र में प्रश्नकाल और अन्य विधायी कार्यों के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सचिव गणेश नेगी, रूपेंद्र सिंह नेगी, बृजपाल सिंह नेगी और सुदर्शन रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जीआईसी का वार्षिकोत्सव व पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राइंका बल्ली में गुरूवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन में विद्यालय के भूतपूर्व छात्र सुनील सिंह नेगी, प्रसन्न सिंह नेगी, डॉ. दिवाकर बेबनी, प्रभाकर बेबनी, नरेंद्र सिंह बिष्ट और ललित मोहन काला सहित अन्य छात्रों ने विद्यालय की यादों को सबके साथ साझा किया। तत्पश्चात वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव का आरंभ मुख्य अतिथि यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रमिला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने हे हंस वाहिनी ज्ञान दायिनी एवं स्वागत गीत प्रस्तुत

## प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगजीत चंद सेमवाल ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में होने वाले विभिन्न शैक्षिक सह गतिविधियों से अवगत कराया। तत्पश्चात छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत उत्तराखंड लोकनृत्य, लोकगीत, बिहू नृत्य, हिमाचली नाटी पंजाबी नृत्य व योग प्रदर्शन की प्रस्तुतियां दीं। स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, नैतिक व सामाजिक विकास में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। अंत में अतिथियों द्वारा खंड स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिक्षक पवन भारद्वाज, जगदीश प्रसाद बेबनी और एसएमसी अध्यक्ष सुषमा रावत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# स्क्रीन की चमक से रिश्ते नहीं चमकते - कुसुम कंडवाल

## सोशल मीडिया की चकाचौंध में भटक रही युवा पीढ़ी

**ऋषिकेश/देहरादून ( चिंगारी )।** देहरादून आधुनिकता की दौड़ में सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव अब समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में बढ़ते दुष्प्रभावों और बिखरते पारिवारिक ताने-बाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी और बच्चे सोशल मीडिया की चकाचौंध में अपनी वास्तविक राह से भटक रहे हैं। आयोग ने इस समस्या की मुख्य जड़ 'पारिवारिक समन्वय की कमी' को माना है। उन्होंने अनुभव के आधार पर विश्लेषण के साथ भयावह पहलू पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों के संपर्क में आने से महिलाएं और बेटियां लगातार साइबर अपराध और अनैतिक रिश्तों के जाल में फंस रही हैं। डिजिटल फ्रेंडशिप के नाम पर बन रहे ये अवैध रिश्ते न केवल वैवाहिक जीवन को तबाह कर रहे हैं, बल्कि मासूम जिंदगियों को भी गलत रास्ते पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्कारों से कटाव बेटियों और महिलाओं के भटकने की मुख्य कड़ी बन रहा है। सोशल मीडिया के मायाजाल में फंसकर लड़कियां धीरे-धीरे परिवार से भावनात्मक रूप से कट जाती हैं और इस दलदल में धंसती चली जाती हैं। विशेष रूप से जो लड़कियां घर से बाहर पढ़ाई या नौकरी के लिए दूसरे शहरों में रह रही हैं, वे अक्सर अनजान लोगों के संपर्क में आकर बिना सोचे-समझे लिव-इन जैसे रिश्तों में बंध रही हैं। ऐसे रिश्तों के परिणाम प्रायः दुखद और असफल होते हैं, जो न केवल एक जीवन को बर्बाद करते हैं बल्कि पूरे परिवार को मानसिक और सामाजिक पीड़ा देते हैं।



कुसुम कंडवाल

कुसुम कंडवाल ने बतौर राज्य महिला आयोग अध्यक्ष अभिभावकों से अपील की है कि माता-पिता अपने बच्चों से नियमित संवाद करें और उनके साथ दोस्ताना व्यवहार रखते हुए उनके दिनभर की गतिविधियों की जानकारी लें। उन्होंने महिलाओं और बेटियों से कहा कि स्क्रीन की चमक से रिश्ते नहीं चमकते, रिश्तों की चमक अपनों के साथ समय बिताने और संवाद से आती है। उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग इस मामले पर संज्ञान लेते हुए हर प्रकार से भावी पीढ़ी सहित उनके अभिभावकों एवं परिजनों को भी जागरूक करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा के सरकार एव आयोग पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है, परंतु परिवार के लोगों को भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभानी होगी।

# ताइक्वांडो कार्यशाला का आयोजन किया, सिखाये आत्मरक्षा के गुर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की एनएसएस इकाई की ओर से तीन दिवसीय ताइक्वांडो कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक पहले वर्ष के छात्र-छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाए गए। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने आपातकाल में दुश्मन के छक्के छुड़ाने के लिए महत्वपूर्ण कौशल सीखे। बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित आत्मरक्षा शिविर का संस्थान के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लगन के साथ कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में ताइक्वांडो प्रशिक्षक ब्लैक बेल्ट कोच चारु संगम ने छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने शरीर को चुस्त रखने के लिए प्रारंभिक व्यायाम सिखाया। साथ ही अपर पंच, मिडिल पंच और लोअर पंच और किक के माध्यम से दुश्मन को चित करने के उपाय का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्राओं के लिए स्वयं की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। अचानक उत्पन्न होने वाली किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रहना आवश्यक है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण त्रिपाठी, पीआरओ नरेश थपलियाल, कार्यक्रम समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर ममता सहित सभी विभागों के प्राध्यापक मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मनरेगा में बदलाव गरीबों से रोज़गार व जीवन यापन की गारंटी छीनने की साज़िश-हैनरीता

## कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत 17 को होगा विधानसभा का घेराव

**बिजनौर ( चिंगारी )**। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में प्रस्तावित बदलाव गरीबों से रोज़गार व जीवन यापन की गारंटी छीनने की साज़िश कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस साज़िश को बेनक़ाब करने के लिए कांग्रेस ने 'मनरेगा बचाओ संग्राम' तेज कर दिया है। इस मुहिम के तहत 17 फरवरी को कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगी। घेराव में शामिल होने के लिए बिजनौर से भी सैकड़ों कार्यकर्ता जाएंगे।



पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए हैनरीता राजीव ने साफ कहा कि जब तक मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक सड़क से संसद तक लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसे संकट के दौरान यह कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुआ। भाजपा सरकार भारत के सबसे गरीब लोगों के लिए गरिमा, सुरक्षा और जीवन-यापन की गारंटी देने वाले इस कानून को कमजोर करने की साजिश कर रही है। हैनरीता ने कहा कि कांग्रेस ने 3 जनवरी से पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू किया है। पिछले एक महीने से गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदेश भर में 5000 से अधिक ग्राम स्तर पर 'मनरेगा बचाओ चौपाल' आयोजित की जा रही हैं, जिनमें अब तक 75 जिलों में कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं।

संग्राम के दूसरे चरण में 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव करने का ऐलान किया गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से 17 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ कूच करने की अपील की। प्रेस कांफ्रेंस में जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के आलावा नगर अध्यक्ष हुमायूं बेग, मोहदम्मद सलीम (मनरेगा कॉर्डिनेटर), दीपक कुमार, अनिल त्यागी, क़ाज़ी आतिफ अली आदि भी मौजूद रहे।

आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

## मनरेगा बचाओ पदयात्रा सफल बनाने में जुटे कांग्रेसी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। कांग्रेस कमेटी बिजनौर के जिला उपाध्यक्ष हाजी नसीम अंसारी व जावेद अंसारी पार्टी की 13 फरवरी से शुरू हुई मनरेगा बचाओ संग्राम पद यात्रा सफल बनाने में जुट हुए है। उन्होंने बताया कि जिला/शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पद यात्रा क्षेत्र के ग्राम शादीपुर से प्रारंभ की गई है। यह पदयात्रा बिजनौर कांग्रेस कार्यालय पर समाप्त की जाएगी। कांग्रेस वर्किंग कमेटी द्वारा प्रस्तावित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मनरेगा को बचाकर गरीब मजदूरों को उनके रोजगार अधिकार को बचाना है। इसलिए इसे जनांदोलन में परिवर्तित करना समस्त कांग्रेस जनों का कर्तव्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रा व जननायक राहुल गांधी के विजन को कामयाब बनाने का आव्हान किया है।

## नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाता साक्ष्य जरूर जमा कर दें

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। बीएलओ आमिर अली ने उन सभी मतदाताओं जिन्हें नो मैपिंग के कारण नोटिस प्राप्त हुए है से अपील की है कि ऐसे मतदाता निश्चित रूप से आवश्यक कागजात लगाकर सम्बन्धित तहसील में जमा कर दें। नोटिस की प्रथम सुनवाई पूर्ण होने के बाद दूसरी सुनवाई के लिए संबंधित मतदाता के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से दिन व समय की जानकारी भेज दी गई है। दूसरी सुनवाई के लिए 21 फरवरी का समय दिया गया है। सम्बन्धित नोटिस का जवाब देना बहुत जरूरी है। क्योंकि इस नोटिस में अधिकतर उन मतदाताओं का नाम है जिनका वर्ष 2003 की सूची में नाम नहीं है, और ना ही उनके माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी का नाम मौजूद है। इसलिए अब केवल कुछ कागज जमा करके उनका नाम वर्तमान वोटर लिस्ट में बना रहेगा। उपरोक्त समय निकलने के बाद वो फॉर्म 6 भरकर भी मतदाता नहीं बन पाएंगे। क्योंकि अब फॉर्म 6 में वर्ष 2003 की डिटेल्स भरनी अनिवार्य है।

Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी" के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476